www.muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79)
डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 24 °c
अधिकतम 29 °c
सूर्योदय 6:15
सूर्यास्त 5:59

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा

बेमिसाल 50 साल

वर्ष : 50/ अंक : 276 | बृहस्पतिवार, 6 अक्टूबर 2022 | अश्विन, शुक्ल पक्ष, एकादशी, सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-8

# बुराई के पुतलों का दहन, जीआईसी में रचा इतिहास

**बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने रावण, संजीव बालियान व कपिल देव अग्रवाल ने मेघनाद व जिलाधिकारी चन्द्रभूषण सिंह ने रिमोट का बटन दबाकर किया कुम्भकर्ण के पुतले का दहन**





राजकीय इण्टर कॉलेज मैदान पर दशहरा मेले में डॉ. संजीव बालियान, कपिल देव अग्रवाल, बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, उद्यमी भीमकंसल व सतीश गोयल, अचिंत मित्तल, कुशपुरी तथा डीएम व एसएसपी तथा गांधी कॉलोनी में बाइक पर सवार रावण, कुम्भकर्ण व मेघनाद के स्वरूप।



राजकीय इण्टर कॉलेज मैदान पर गिरा पुतला जिसे क्रेन की मदद से उठाया गया।

**ऋषिराज राही**

**मुजफ्फरनगर, 5 अक्टूबर (बु.)।** दिन भर मेलों में राम रावण संग्राम के साथ युद्ध मैदान में जूझती सेनाओं के बीच रावण का अट्टाहस और तीरों और गदाओं के प्रहार के साथ बाल रूप में दोनों सेनाओं के सदस्यों की लीला के बाद जैसे ही सूर्यास्त से पहले रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन हुआ तो धमाकों के साथ पुतले धू-धू कर जल उठे। मैदान पर मौजूद तमाम लोगों ने इस दृश्य को अपनी आंखों में कैद किया और बच्चों के उत्साह का तो आलम ही अलग था। शहर में जीआईसी मैदान पर रिमोट से पुतला दहन का दृश्य मनोहारी था। इसी के साथ नई मंडी रामलीला मैदान, पटेलनगर, गांधी कॉलोनी और रामलीला टीले पर पुतला दहन को देखने के लिए हजारों की तादाद में लोग मौजूद थे।

शहर समेत जिले भर में आज असत्य पर सत्य की विजय का पर्व विजयदशमी पूरे परंपरागत उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर तमाम स्थानों पर चल रही रामलीला के आयोजकों द्वारा पुतला दहन की व्यवस्था की गई थी। दशहरा मेले का सबसे बड़ा आयोजन इस बार नुमाइश मैदान के स्थान पर राजकीय इंटर कॉलेज मैदान पर हुआ। ऐतिहासिक भीड़ की उपस्थिति के बीच बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने रिमोट से रावण के पुतले को अग्नि को समर्पित किया तो धमाकों के साथ पूरा वातावरण गूंज उठा। केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ.संजीव बालियान व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिलदेव अग्रवाल ने मेघनाद और डीएम चंद्रभूषण सिंह तथा एसएसपी विनीत जायसवाल ने कुंभकर्ण के पुतलों को अग्नि को समर्पित किया। इस मौके पर प्रमुख उद्यमी भीम कंसल, सतीश गोयल, दिनेश गर्ग, कुश पुरी, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, डॉ.अनुभव जैन व उनकी धर्मपत्नी, मनोज बाठला, भाजपा नेता अचिंत मित्तल, सुखदर्शन सिंह बेदी, पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल, विशाल गर्ग, अमित चौधरी राहुल गोयल के अलावा डीएम चंद्रभूषण सिंहव एसएसपी विनीत जायसवाल आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। शेष-8 पर

# लंकापति रावण को नहीं रास आया राजकीय कॉलेज का मैदान

- **पहले हवाओं के चलते रावण, कुम्भकर्ण का गिरा पुतला, मेघनाथ के पुतले की मुड़ी गर्दन**
- **पुतला दहन से पहले मैदान में सरकारी सांड के घुसने से मची अफरातफरी**
- **पुतला दहन के दौरान आतिशबाजी के भीड़ के बीच आने से भगदड़, टला बड़ा हादसा**

**राकेश शर्मा**

**मुजफ्फरनगर, 5 अक्तूबर(बु.)।** अग्निवीर भर्ती के चलते पुतला दहन के मैदान का बदलाव शायद लंकापति रावण को नहीं भाया हैं। पहली बार राजकीय इंटर कॉलेज को दशानन रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाथ के पुतला दहन के लिए चुना गया था, लेकिन एक के बाद एक हुए अपशुगन इसी तरफ इशारे कर रहे हैं। पहले हवाओं के चलते रावण और कुम्भकर्ण के पुतले जले बिना धराशायी हो गए। जैसे तैसे पुतले खड़े हुए तो घुसे आवारा सांड ने अफरा तफरी मचा दी। रावण का पुतला जला तो भीड़ में घुसी आतिशबाजी ने भगदड़ मचा दी। परमात्मा का करम रहा कि एक नही तीन बार बड़ा हादसा होने से बच गया।

शहर के नुमाइश पंडाल में बरसों से लंकापति रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाथ के पुतलों का दहन होता रहा है। अग्निवीर की भर्ती के चलते पहली बार नुमाइश पंडाल के स्थान राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान का चुनाव किया गया। प्रशासन को आयोजक श्री राम सेवा दल को इसके लिए तैयार करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी थी। सेना भर्ती के चलते श्री राम सेवा दल पदाधिकारी इसके लिए तैयार हो गए। आयोजकों ने दशहरा मेले में चार चांद लगाने के लिए इस बार रिमोर्ट से लंकापति रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाथ के पुतले दहन की योजना बनाई। हर कोई डिजिटल की व्यवस्था को लेकर उत्साहित था। पुतला दहन देखने के लिए हजारों लोग का हुजूम जमा था। शाम होते ही अपशुगन का ऐसा सिलसिला शुरू हुआ, जो कई सवालों को खड़ा कर गया। अंतिम समय में मौसम में हुए बदलाव के साथ चली तेज हवाओं में दशानन रावण और कुम्भकर्ण के पुतले उखड़ गए, जबकि मेघनाथ की गर्दन मुड़ गई थी। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि मेघनाथ का शीश श्री राम दल में रखा गया था। प्रशासन ने क्रेन लगाकर जैसे-तैसे पुतलों को खड़ा किया। सब कुछ सामान्य हुआ तो भीड़ में घुसे आवारा सांड ने पुतला दहन देखने आए लोगों में भगदड़ मचा दी। युवाओं ने सांड को भगाकर जैसे तैसे व्यवस्था बनाई। केंद्रीय मंत्री डॉक्टर संजीव बालियान, राज्यमंत्री कपिल देव के साथ प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में रिमोर्ट से रावण के परिवार के पुतलों का दहन हुआ तो आतिशबाजी से भगदड़ मच गई। एक नहीं, दो नहीं, तीन बार पुतलों से निकली चिंगारी जनता के बीच पहुंची। जनता ही नहीं पुलिसकर्मी खुद भी जान बचाने को भागे, लेकिन मयार्दा पुरषोत्तम का आशीर्वाद रहा कि कोई बड़ी अनहोनी से टल गई। इन अपशुगनो को लेकर आम लोगों में यही चर्चा रही कि शायद सबसे बड़े प्रकांड पंडित रहे लंकापति रावण को राजकीय इंटर कॉलेज का मैदान रास नहीं आया।

## कोरोना का फूंका पुतला

मुजफ्फरनगर। जीआईसी मैदान पर तीन बड़े पुतलों के साथ आज कोराना का पुतला फूंक कर गो कोरोना कोरोना गो के साथ कामना की गई कि यह महामारी फिर से ना लौटे, क्योंकि इसने देश और दुनिया को बहुत पीड़ा दी है।

## अगली बार ठाड़ा सा बनवाइयो पुतला

मुजफ्फरनगर। रावण के 70 फुट ऊंचे ऊंचे पुतले के साथ खड़े कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों के छोटे आकार को देखते हुए आयोजकों से कहा कि अगली बार ये पुतले भी ठाड़े से बनवाना।



















## जीआईसी मैदान में आयोजित दशहरे मेले के कुछ गणमान्य लोगों के मनोहारी दृश्य। -फोटो बुलेटिन








## पटेलनगर में राम रावण के बीच भीषण युद्ध

मुजफ्फरनगर, 5 अक्टूबर (बु.)। पटेल नगर स्थित आदर्श रामलीला सेवा समिति द्वारा लीला मैदान में दशहरे के दिन भगवान श्रीराम व लंकापति रावण का घनघोर युद्ध हुआ। इसके बाद भगवान राम ने रावण को नाभि में तीर मारकर मोक्ष प्रदान किया। पटेल नगर में रावण कुंभकरण मेघनाथ का पुतला दहन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सोमांश प्रकाश, केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान, उद्योगपति भीमसेन कंसल, अनिल ऐरन, मुकेश गोयल, मनीष कपूर व अन्य जनप्रतिनिधियों के हाथों से रावण दहन हुआ। आयोजन में बड़ी संख्या में नई मंडी वासियों ने घंटों तक चले राम रावण की सेनाओं के युद्ध का नजारा देखा। इस दौरान अतिथियों का आयोजकों द्वारा अभिनंदन किया गया। जय श्रीराम के घोष के साथ पूरा पांडाल बार-बार गूंजता रहा। आयोजक नगर पालिका सभासद विकल्प जैन की देखरेख में आयोजन हुआ। रावण दहन देखने को पटेल नगर में हजारों की भीड़ ग्राउंड के साथ-साथ छतों पर भी मौजूद रही जिनकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कमेटी द्वारा खास प्रबंध किए गए थे।






## जाम के साथ-साथ गुण्डई का अड्डा भी बना टाऊन हॉल के बाहर का चौपाटी बाजार

मुजफ्फरनगर, 5 अक्टूबर (बु.)। टाऊन हॉल के बाहर स्थित मुजफ्फरनगर का चैपाटी बाजार शाम ढलते ही अतिक्रमण और जाम की चपेट में आता ही है और वाहनों की एक-दूसरे से टक्कर लग जाने पर अब गुण्डई का अड्डा भी बनता जा रहा है। यूं तो मामूली पन्नी वालों पर ट्रैफिक विभाग के अधिकारी लात मारने के लिए चल देते हैं, मगर जहां आये दिन जेबे गरम होती हो, वहां सबकुछ नजरअंदाज कर दिया जाता है और शहर लम्बे समय से इसी ढर्रे पर चल रहा है। ना कोई कहने वाला है और ना कोई सुनने वाला। शाम को 6 बजे के बाद टाऊन हॉल के बाहर की सड़क पूरी तरह जाम हो जाती है और पुलिस की गाड़िया ठीक इस चैपाटी बाजार के सामने खड़ी हुई तमाशबीन बनी रहती है। रही सही कसर यहां जाम की वहां लगे डिवाइडर पूरी कर देते हैं, हालांकि इस शहर में बिना सोचे-समझे बहुत से काम होने लगे हैं, पूरा शहर डिवाइडर लगाकर जाम को न्यौता देता दिखाई देता है। बस पुलिस प्रशासन चाहता है कि उसे जाम से जूझने के लिए खुद तो कुछ करना नहीं पड़े, डिवाइडर और बेरिकेटिंग करके वे बस आम जनता का चालान काट-काटकर खून चूसते रहे और सरकार की नजरों में राजस्व वसूली दिखाकर गुडविल बनाने के मूड में दिखाई पड़ते हैं। मगर टाऊन हॉल के बाहर ना अतिक्रमण दिखाई पड़ता और ना रोजाना होने वाली वाहनों की टक्कर से होने वाले झगड़े। बुधवार की रात भी लगभग सवा 11 बजे टाऊन हॉल के बाहर जमकर उस समय तांडव हुआ, जब दो वाहन आपस में टकरा गये और पुलिस मूक दर्शक बनी रही। बाद में पुलिस को सूचना मिली तो टकराने वाले दोनों वाहन चालकों को थाने ले जाया गया। समाचार लिखे जाने तक दोनों वाहन चालकों के बीच कोई समझौता होने की सूचना नहीं मिल पाई थी। मगर देर रात तक हुई उक्त घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही और मौके पर मौजूद दुकानदारों व लोगों में खौफ बना रहा।

## नई मंडी रामलीला मैदान पर जुटे बड़ी संख्या में दर्शक

मुजफ्फरनगर, 5 अक्टूबर (बु.)। नई मंडी रामलीला मैदान पर हुए आयोजन में भी बड़ी संख्या में लोगों ने रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों को दहन होते हुए देखा। नई मंडी स्थित श्री राम लीला भवन में 96 वें महोत्सव के तहत रामलीला भवन के मैदान में रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों को रिमोट से दहन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं भाजपा नेता गौरव स्वरूप बंसल ने भगवान श्री राम की आरती कर आज की लीला का शुभारंभ किया वही आज रावण दहन को देखने के लिए आई अपार भीड़ ने रावण दहन से पहले भगवान श्रीराम की जय-जयकार से पूरे पंडाल को भक्ति मय बना दिया। अतिथियों का स्वागत प्रतीक चित्र भेंटकर किया गया। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष संजय मित्तल, मंत्री अशोक गर्ग, कोषाध्यक्ष आदित्य भरतिया, बृजगोपाल छारिया, राजीव अग्रवाल, विनीत गुप्ता, अभिषेक कुच्छल, उपेंद्र मित्तल, संजय जिंदल, अतुल जैन, कुलदीप शर्मा, रवि गोयल, मनोज मोदी, डॉ प्रदीप जैन और मास्टर मोहन लाल आदि मौजूद रहे।

# गांधी कॉलोनी में भव्य आयोजन के साथ मना दशहरा

## -जब मंत्री विजय दशमी पर्व के बीच पहुंचे चाट के स्टॉल पर
## -गांधी कालानी में लिया विभिन्न व्यंजनों का स्वाद

मुजफ्फरनगर, 5 अक्टूबर (बु.)। गांधी कालोनी में विजय दशमी पर्व पर एसडी इंटर कालेज मैदान पर रामलीला मंचन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों का आयोजन कमैटी की ओर से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में रामलीला के कलाकारों ने प्रभु श्रीराम की लीलाओं का मंचन किया। इसमें भगवान राम और रावण की सेनाओं का युद्ध देखते ही बनता था। इसके बाद मुख्य अतिथियों व प्रभु राम तथा लक्ष्मण ने रावण, मेघनाद व कुम्भकर्ण के पुतलों का दहन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को देखने के लिए छोटे बच्चों, महिलाओं व पुरुषों की अपार भीड़ मौजूद रही। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ.संजीव बालियान, राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल, राकेश बिंदल, अनिल रायल, महामंडलेश्वर यतींद्र गिरी तथा रमेश सांई आदि मौजूद रहे। आयोजन में आयोजन कमैटी के विजय वर्मा, पवन छाबडा, अनिल धमीजा, घनश्याम, अनिल ईशपुजानी, सुरेंद्र ईश पुजानी, राकेश हुडिया, हरिकिशन सुनेजा, विनोद छाबड़ा, प्रेमी छाबडा, ओम प्रकाश बजाज, अज्जू मदान, विमल मदान, रजत अरोरा, राजेंद्र कुमार व रितेश नागपाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

वहीं दूसरी तरफ आज विजय दशमी पर बुराई पर अच्छाई की जीत के जश्न के बीच बुधवार को मंत्री अलग ही अंदाज में दिखाई दिए। इस बीच जहां केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान और प्रदेश के राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने नगर क्षेत्र की अधिकांश रामलीलाओं में उपस्थिति दर्ज कराते हुए बेहतर पहल की। वहीं इन दोनों मंत्रियों ने बड़े सहज भाव के साथ तमाम औपचारिकताओं को दर किनार करते हुए सादगी के साथ लोगों से मिलने के साथ गांधी कालोनी में आयोजित मेले में दुकानों पर आम व्यक्ति की तरह कुल्फी, चाट-पकौड़ी और पानी पताशों का स्वाद चखा। मंत्रियों के इस स्नेह को देखकर आमजन के साथ मेले में आए दुकानदार स्वयं को गौरान्वित महसूस करते हुए व गदगद होते दिखाई दिए।

## राम लीला टिल्ले पर हुआ राम रावण युद्ध का भव्य मंचन

मुजफ्फरनगर, 5 अक्टूबर (बु.)। रामलीला टिल्ले पर श्रीरामलीला सभा टाउन हाल द्वारा आयोजित श्रीरामलीला महोत्सव में विजयदशमी पर्व पर रामलीला का संक्षिप्त मंचन किया गया। इसमें राम जन्म से लेकर रावण मरण तक की लीलाओं का मंचन हुआ। देर सांय रावण मरण के पश्चात श्रीराम व लक्ष्मण द्वारा रावण, मेघनाद व कुम्भकर्ण के पुतले जलाए गए। रामलीला टिल्ला पर सायं 4 बजे कार्यक्रम का मुख्य अतिथि शंकर स्वरूप बंसल व मुजफ्फरनगर मेडिकल कालेज के डायरेक्टर गौरव स्वरूप द्वारा शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के पश्चात रामलीला टिल्ले से विजय यात्रा निकाली गई जो रामलीला टिल्ला से शुरू होकर हनुमान चौक होते हुए लोहिया बाजार स्थित देवी मंदिर पर पहुंची।

## यमुनानगर में लोगों पर गिरा रावण का जलता पुतला

यमुनानगर, 5 अक्टूबर (वार्ता)। हरियाणा के यमुनानगर में रावण दहन के दौरान लोगों पर रावण का पुतला गिर गया। शहर के दशहरा ग्राउंड में रावण के जलते पुतले में से लकड़ी निकालना लोगों की जान के लिए आफत बन गया। लकड़ी निकालने के दौरान 70 फीट का पुतला गिर गया। जिसके नीचे सात लोग दब गए। लोगों पर पुतला गिरता देख मैदान में चीख पुकार मच गई। वहीं पास जा रहे लोगों को रोकने का प्रयास कर रहे पुलिस कर्मचारी पुतले की चपेट में आने से बाल बाल बच गए। लापरवाही के इस हादसे में तीन लोगों को चोट लगने से सिर फट गए। जबकि दो के कपड़े जल गए। वहीं दो लोग पुतले में लगे पटाखों की चपेट में आने से झुलस गए। ऐसे में लोगों को काबू करने में पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी। गनीमत रही कि हादसे में जान का नुकसान नहीं हुआ। इसके बाद भी लोग नहीं माने और रावण के पुतले की लकड़ी लेने के लिए दौड़ते रहे। घायल लोगों को एंबुलेंस में पहुंचाया गया। लोगों पर पुतला देख वहां भगदड़ का माहौल बन गया, जिसे थाना शहर प्रभारी कमलजीत को पुलिस कर्मचारियों के साथ लोगों को वहां से खदेड़ना पड़ा। पुतले के नीचे दबने से सरोजनी कॉलोनी सुरेंद्र कुमार, पुराना हमीदा का विक्रम, बैंक कॉलोनी राकेश, मोहित, दीपक घायल हो गए। पुतले के नीचे से सातों लोगों में दहशत व डर नजर आया।

www.muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुजफ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा

बृहस्पतिवार, 06 अक्टूबर 2022

## जम्मू-कश्मीर के नेताओं पर बरसे गृहमंत्री अमित शाह

**जम्मू, 5 अक्टूबर (वार्ता)।** रैली को संबोधित करते हुए शाह ने आगे कहा, "हमने पिछले तीन सालों में यह सुनिश्चित किया है कि कश्मीर के सभी गांवों में बिजली कनेक्शन हो।" जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक परिवारों का नाम लेते हुए गृह मंत्री शाह ने आरोप लगाया कि उनके नियम कुशासन, भ्रष्टाचार और विकास की कमी से भरे हुए थे। उन्होंने कहा, "मुफ्ती एंड कंपनी, अब्दुल्ला और उनके बेटों और कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के लोगों के कल्याण के लिए कुछ नहीं किया है।


## छात्रा का न्यूड वीडियो बनाया, दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

**वाराणसी, 5 अक्टूबर (वार्ता)।** आईपीएस अफसर बनकर जांच के नाम पर व्हाट्सएप कॉल करके बीएचयू स्नातक की छात्रा का न्यूड वीडियो बनाने वाले दो साइबर अपराधियों को वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस ने झांसी से गिरफ्तार कर लिया है। दो दिन पहले सामने आया अपने तरह का पहला मामला पुलिस के लिए सिरदर्द बन गया था। इसके बाद तेजी से कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अभी तक वीडियो कॉल पर पुरुषों को शिकार बनाया जाता रहा है। इस बार दो छात्राओं को शिकार बनाने की सूचना से पुलिस में खलबली मची थी।












## राशन नहीं देता डीलर तो विद्यालय के बच्चे रहते हैं भूखे

बुढ़ाना, 5 अक्टूबर (बु.)। एक राशन डीलर की दबंगई के चलते एक विद्यालय के बच्चे मिड डे मील योजना के तहत भूखे रहते हैं। जिसका खुलासा खुद सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लाक के गांव कुरथल में स्थित प्राथमिक विद्यालय नंबर दो के प्रधानाध्यापक रोहिताश कुमार ने बताया कि राशन डीलर अशोक कुमार के यहां से उक्त विद्यालय के छात्र छात्राओं के लिए राशन आता था मगर पिछले वर्ष अप्रैल के महीने से उक्त राशन डीलर अशोक कुमार अपनी दबंगता के चलते उक्त विद्यालय के छात्र छात्राओं के लिए राशन नहीं दे रहा है। जिसके चलते विद्यालय के छात्र छात्राओं को मिड डे मील योजना के तहत भूखा रहना पड़ रहा है। उन्होंने इस संबंध में गांव कुरथल की प्रधान ममता देवी से बात की और उनको राशन डीलर अशोक कुमार की कारगुजारी बताई तो राशन डीलर अशोक कुमार ने ग्राम प्रधान ममता देवी की भी बात नहीं मानी और राशन देने से साफ मना कर दिया। अब सोचने वाली बात ये है कि जब ग्राम प्रधान को भी राशन? डीलर द्वारा इग्नोर कर दिया गया तो फिर औरों की क्या बात। कुल मिलाकर राशन डीलर की मनमानी के चलते विद्यालय के बच्चों का हक मारा जा रहा है जो कि वास्तव में एक चिंता का विषय है। इस बारे में खाद्य विभाग के अधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है। अब राशन? डीलर के खिलाफ क्या कार्रवाई होगी ये तो समय के गर्भ में है लेकिन इतना जरूर है कि राशन डीलर की दबंगई से गांव के काफी लोग परेशान हैं। इस संबंध में जब खाद्य निरीक्षक से बात करनी चाही तो उनसे कोई संपर्क नहीं हो सका।









# शाहपुर के दशहरा मेले में ऐतिहासिक भीड़ उमड़ी, पिछले सभी रिकॉर्ड टूटे

शाहपुर, 5 अक्टूबर (बु.)। शाहपुर म इस बार दशहरे के मेले में उमड़ी भीड़ ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले । हजारों क्षेत्रवासियों की मौजूदगी में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने लंकापति रावण के पुतले को आग के हवाले कर निश्चर हीन करूं महि धरती के अपने संकल्प को पूरा किया। अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयदशमी परंपरागत ढंग से मनाया गया। दशहरे के मेले में शाम 5बजकर 40 मिनट पर पूर्व विधायक उमेश मलिक ने रावण के भीमकाय पुतले को आग के हवाले किया, तो समस्त वातावरण जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा। इस अवसर पर अपने संबोधन में उमेश मलिक ने श्री आदर्श रामलीला कमेटी को भव्य आयोजन के लिएसाधुवाद देते हुए कहा कि आज का दशहरा मेला जनपद ही नहीं पश्चिम उत्तर प्रदेश का सबसे विशाल मेला है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य ठाकुर राम नाथ सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष परमेश सैनी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष पद के भावी उम्मीदवार उमेश मित्तल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। श्री रामलीला मैदान में आयोजित दशहरे मेले में अहिरावण वध की लीला का मंचन किया गया। मेले में इस बार सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए गए थे। एसडीएम सीओ के साथ साथ थाना प्रभारी कई थानों के पुलिस एवं पीएसी बल के साथ मेला स्थल पर मौजूद रहे। भगवान राम एवं रावण की सेनाओं के बीच महासंग्राम देख हजारों दर्शकगण रोमांचित हो गए, वहीं जब भगवान राम एवं रावण की सवारी नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी तोसमस्त वातावरण करतल ध्वनियों से गूंज उठा। मेला मंच पर ही क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं मुख्य अतिथि उमेश मलिक का जन्म दिवस भी धूमधाम से मनाया गया। विजयदशमी पर शाहपुर में सुबह से ही सनातन धर्मावलंबियों ने अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों की साफ-सफाई कर एवं अस्त्र शस्त्रों तथा बहीखाता के साथ पायता पूजा, लेकिन प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी मुख्य आकर्षण नगर का रामलीला मैदान ही रहा । यहां आयोजित मेले में सुबह से ही सैंकड़ों की तादाद में लगी दुकानों पर बच्चों ने धनुष बाण तलवार गदा व मुखोटे एवं खेल खिलौने की खरीदारी की दशहरे के पारम्परिक व्यंजन जलेबी सहित अन्य खाद्य सामग्री पर भी भारी भीड़ उमड़ी दोपहर होते-होते मेला मैदान खचाखच भर गया था। दोपहर के समय सबसे पहले लंकापति राजा रावण की सवारी नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए दशहरा मैदान पहुंची।इसके बाद भगवान राम लक्ष्मण एवं हनुमान वानर सेना सहित बैंड बाजों के साथ नगर भ्रमण के बाद मेला मैदान स्थित मंच पर पहुंचे` यहां पाताल लोक के राजा अहिरावण के वध की लीला का मंचन किया गया चित्रकूट धाम के कलाकारों ने जमुना प्रसाद शुक्ला के नेतृत्व में अपने अभिनय से क्षेत्र बरसाए हजारों लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद भगवान राम ने लंका पति रावण की सेनाओं के बीच घोर संग्राम हुआ । इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए श्री आदर्श रामलीला कमेटी के संरक्षक श्याम पाल संगल भाई जी ने कहा कि लड़ते-लड़ते जब चूर हुई, तब बोल उठी वानर सेना रघुकुल के तिलक दुहाई है, यह बोल उठी वानर सेना । रावण को परास्त करने के दौरान भगवान राम उसका एक शीशकाटते हैं, तो दूसरा उग आता है। प्रभु राम के शरणागत हुआ रावण का भाई विभीषण काफी छिपाने के बाद भी अपने भाई का ऐसा राज खोल देता है, जिससे उसकी मृत्यु सुनिश्चित हो जाती है। विभीषण भगवान राम को बताता है कि रावण की नाभि में अमृत है, जब तक इसे सौखा नहीं जाएगा । तब उसे कोई नहीं मार सकता। तब भगवान रामरावण की नाभि में अग्निबाण छोड़ते हैं, जिससे उसके प्राण पखेरू उड़ जाते हैं शाम बजे लंकापति रावण के भीमकाय पुतले को भाजपा विधायक उमेश मलिक आग के हवाले करते हैं पुतला दहन के दौरान हुई आतिशबाजी ने सभी कोमंत्रमुग्ध कर दिया। रावण दहन के बाद ग्रामीणों में पुतले की अस्थियां उठाने की होड़ मच गई। ऐसी मान्यता है कि रावण के अवशेष घर में रखने से आसुरी शक्तियों का भय नहीं सताता । दशहरा मेला में सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस एवं पीएसी बल मुस्तैद रहा। थाना प्रभारी राधेश्याम यादव के नेतृत्व में सभी हल्का इंचार्ज दरोगा आसपास के थानों का पुलिसबल निरंतर मेले में गस्त करता रहा, जिस कारण कोई भी अप्रिय घटना घटित नहीं हुई। । श्री आदर्श रामलीला कमेटी के संरक्षक श्याम पाल संगल भाई जी एवं अध्यक्ष अरुण मित्तल तथा अन्य पदाधिकारियों ने आगंतुक अतिथियों का पटका पहनाकर एवं बैज लगाकर सम्मान किया तथा पुलिस एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया। थाना प्रभारी राधेश्याम यादव को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया उमेश मलिक ने कलाकार मंडली के मालिक चित्रकूट धाम से पधारे जमुना प्रसाद शुक्ल को सम्मानित किया नगर पंचायत द्वारा बेहतर सफाई व्यवस्था के लिए चेयरमैन परमेश सैनी सहित सफाई नायक राजीव मेहरा एवं सभी कर्मचारियों को भी बधाई दी गई। समाजसेवी चौधरी चंद्रवीर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में श्री आदर्श रामलीला कमेटी के मुख्य संरक्षक श्याम पाल भाई जी, अध्यक्ष सुनील मित्तल, स्टेज मंत्री मणिकांत मित्तल, राजकुमार कोरी, प्रबंधक बालेश सिंघल, अनिल बंसल, आढती , भंवर पाल कश्यप, परवेश गोयल, मनोज अग्रवाल, अरुण मित्तल, सचिन संगल,बबलू नामदेव, शिवम सिंघल, प्रमोद गर्ग, नितिन मित्तल, पवन सक्सेना, अतुल सिंघल, मोहित बंसल, परवीन शर्मा, निशांत शर्मा, मोहित गिरी, राहुल बंसल, अर्जुन बंसल, अनमोल सिंघल, गुड्डू सैनी शंकर सैनी अक्षय अग्रवाल रितिक सैनी ऋषभ सिंघल, रचित अग्रवाल, मुन्ना कुरैशी, अजय बंसल, हनु सिंघल, राघव गोयल, कुंज मित्तल आदि का सहयोग रहा। इस बार दशहरे के मेले में उमड़ी भीड़ ने पिछले कई दशकों का रिकॉर्ड तोड़ डाला। विश्लेषक मेले में आई हजारों की भीड़ को लेकर समीकरण जोड़ते देखे गए। पूर्व विधायक उमेश मलिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भी स्वीकार किया कि शाहपुर का दशहरा मेला वास्तव में जनपद ही नहीं, बल्कि पश्चिम उत्तर प्रदेश में अपना विशेष स्थान रखता है। सबसे बड़ी बात यह रही कि इतने भारी भीड़ एवं बड़े आयोजन के बावजूद कमेटी एवं प्रशासन के सहयोग से पूरे मेला पंडाल में कहीं पत्ता तक नहीं हिला । मेला मैदान में सुरक्षा की दृष्टि से विशाल मचान बनाई गई थी जिस पर पूरे मेले की वीडियोग्राफी करते हुए पुलिसकर्मी की तैनाती की गई थी। मेले के चलते आसपास के गांवों व ग्रामीण अंचलों के लोगों की भारी भीड़ जमा रही। मेले को लेकर लोगों में खासी उत्सुकता दिखाई दी। क्या बड़े और क्या छोटे सभी ने मेले का आनन्द उठाया।

## ककरौली की मजलिस में जुटी अकीदतमंदों की भीड़

भोपा, 5 अक्टूबर (बु.)। अरबी कैलेण्डर के प्रथम माह रबिऊल अव्वल की 8वीं तिथि को 150 वर्षो से प्रतिवर्ष अरबईन की मजलिस का आयोजन ककरौली गांव में किया जाता है। बुधवार को आयोजित अरबईन की मजलिस में क्षेत्र सहित दूरदराज से आए शिया अकीदतमंदों ने बडी संख्या में शिरकत की व धर्मगुरू द्वारा किये गये ओजस्वीपूर्ण सम्बोधन को सुना। सुरक्षा को लेकर भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। ककरौली में अंजुमने असगरिया द्वारा आयोजित अरबईन मजलिस का आगाज हसन अली द्वारा मर्सियाख्वानी कर किया गया। सलीम अमरोही ने सलामे आखिर पेश किया। मौलाना काजिम मेहदी ऊरूज जौनपुरी ने अपने सम्बोधन में पैगम्बर हजरत मूसा के वाक्ये को विस्तार से बयान किया। खिताब के दौरान फरशे अजा पर बैठे अकीदतमंदों ने हुसैनी नारों को फिजा में बुलन्द किया। मौलाना ऊरूज मेहदी ने करबला के वाक्ये को भावपूर्ण अन्दाज में प्रस्तुत किया, जिस पर अकीदतमंदों की आंखें नम हो गयी। मजलिस में पुरूषों के अलावा महिलाओं ने भी भारी संख्या में भाग लिया। महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था की गयी थी। कार्यक्रम में संयोजक डॉ. जिया आलम व नियाज मेहदी रहे। इसके अलावा अली अब्बास जैदी, सरबत अब्बास, अमीर हुसैन, एडवोकेट नसीर हैदर काजमी, अख्तर अब्बास, मुमताज चेयरमैन, प्रवेज जैदी प्रधान, जहूर मेहदी, बब्बू प्रधान, जिल्ले हैदर, मनव्वर जैदी आदि ने शिरकत की। वहीं सुरक्षा को लेकर एसपी देहात अतुल श्रीवास्तव, सीओ राम आशीष यादव, थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ तैनात रहे। खिताब के दौरान अकीदतमंदों ने हुसैनी नारों को फिजा में बुलन्द किया। सुरक्षा को लेकर भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा।

## नवरात्र उत्सव डांडिया रास का आयोजन

शामली, 5 अक्टूबर (बु.)। लायंस क्लब शामली क्राउन द्वारा देर रात्रि कैराना रोड स्थित एक बारातघर में नवरात्र उत्सव डांडिया रास का आयोजन किया गया, जिसमें क्लब के पदाधिकारियों ने मां दुर्गा की उपासना में डांडिया के महत्व को बताया। नवरात्र उत्सव डांडिया रास के अतिथि विजय कौशिक, श्रीपाल गोयल, श्वेता गोयल, अंकुर गोयल ने सपरिवार विधि-विधान के साथ महामाई का पूजन कर मंत्रोचार के साथ आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर के संभ्रांत लोगों का समूह में उमड़ा। सभी लोग कार्यक्रम को लेकर उत्साहित नजर आए और नवरात्र उत्सव डांडिया रास में सभी ने भरपूर आनंद लिया। डांडिया रास के द्वारा महामाई का गुणगान किया। क्लब अध्यक्ष डा. नीरज वशिष्ठ ने बताया कि डांडिया रास महाराष्ट्र एवं गुजरात की परंपरा का अंग है। धीरे-धीरे यह संपूर्ण भारत में अध्यात्मिक भाव के साथ आगे बढ़ रहा है। क्लब पिछले 10 वर्षो से लगातार नवरात्रों की नवमी एवं दशमी के दिन यह कार्यक्रम आयोजित करता है। कार्यक्रम में सर्वोत्तम डांडिया युगल नृत्य के रूप में कमल शर्मा व श्वेता शर्मा ने बाजी मारी वहीं सर्वोत्तम परिधान में डा. अजय चैधरी एवं दीपा चैधरी अव्वल रहे। डांडिया रास में पंडित श्रीकांत दीक्षित एंड ग्रुप ने अपनी कला का प्रदर्शन किया एवं मन मोहने वाली झांकियां प्रस्तुत की। सभी लोग कार्यक्रम को लेकर उत्साहित नजर आए और नवरात्र उत्सव डांडिया रास में सभी ने भरपूर आनंद लिया। डांडिया रास के द्वारा महामाई का गुणगान किया। इस अवसर पर विजय शर्मा, संजय गर्ग, डा. अर्जुन वर्मा, आशु गर्ग, निलेश वशिष्ठ, रामगोपाल शर्मा, वैभव गोयल, अमित वर्मा, अरुण गर्ग, नीरज पुरी, निपुण जैन, संजय अग्रवाल, विजय संगल, अनीता विश्वकर्मा, संगीता गुप्ता, मीनाक्षी मित्तल, अंजू शर्मा, मानसी गोयल, मीनल वशिष्ठ, मीनू वर्मा, नीलम शर्मा, निधि गोयल, प्रिया गर्ग, पारुल, रेखा संगल, रूबी गुप्ता आदि उपस्थित रहे। सभी ने भरपूर आनंद लिया। डांडिया रास के द्वारा महामाई का गुणगान किया।





## श्रीराम के मार्गदर्शनों पर चलकर बुराई पर विजय प्राप्त करेंगे : हिमांशु

शामली, 5 अक्टूबर (बु.)। विश्व हिंदू परिषद जिला कार्यालय पर विजय दशमी के उपलक्ष्य में शस्त्र पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कार्यक्रम के प्रमुख जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख आशीष कुमार रहे व अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अक्षय मलिक ने की। विश्व हिंदू परिषद से हिमांशु ने संबोधित करते हुए कहा कि आज सभी कार्यकताओं ने शस्त्र पूजन किया और विजय महामंत्र का जाप करते हुए यह संकल्प लिया कि जैसे श्री राम ने सच्चाई के मार्ग पर सबको साथ लेकर चलते हुए बुराई पर सच्चाई की जीत प्राप्त की थी, ठीक उसी प्रकार विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता भी पूरे हिंदू समाज को साथ लेकर श्रीराम के मार्गदर्शन पर अनुशासित और संयमित रूप से चलते हुए भारत माता की सेवा में लगे रहेंगे और समाज की सभी बुराइयों को समाप्त करने का प्रयास करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि विजय दशमी पर शस्त्र पूजन का विशेष महत्व होता है। बगैर शस्त्र पूजन के कभी भी यह पूजा पूर्ण नहीं होती है। हम सभी को आज के दिन यह भी प्रण लेना चाहिए कि हम सभी अपने-अपने अन्दर की बुराइयों का अन्त करके सच्चाई के मार्ग पर आगे बढ़े और अपने-अपने जीवन को सफल बनाये। कार्यक्रम में नगर सुरक्षा प्रमुख विशाल भारती, खंड संयोजक विभांशु, अंकित गर्ग, ऋतिक अरोरा, गौरव, वासु, अंकित, सागर, आदि उपस्थित रहे।

### जल उठे रावण मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले

कैराना, 5 अक्टूबर (बु.)। क्षेत्र में विजयदशमी त्यौहार हर्षोल्लास और श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। शाम के समय प्राचीन देवी मंदिर तालाब पर रावण मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों का दहन किया गया। इससे पूर्व राम और रावण की सेना में भयंकर युद्ध हुआ और जमकर आतिशबाजी की गई। बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार विजयदशमी हर्षोल्लास और श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। वही श्री राम लीला कमेटी के तत्वाधान में प्राचीन देवी मंदिर तालाब पर रावण मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों का दहन किया गया। श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष जयपाल सिंह कश्यप, शगुन मित्तल, आलोक गर्ग, मोहनलाल आदि ने मुख्य अतिथि भाजपा सांसद प्रदीप चौधरी को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। युद्ध के अंत में प्रभु श्री राम ने रावण मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले धमाकों के साथ धू धू कर जलने लगे। कार्यक्रम का सभी ने आनन्द उठायाद्ध

## मोरना, भोपा, ककरौली में जलाए गये रावण के पुतले

भोपा, 5 अक्टूबर (बु.)। भगवान श्रीराम की लंका पर विजय प्राप्त करने को लेकर दशहरे का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रावण के विशाल पुतले को ग्रामीणों की भारी उपस्थिति के बीच विभिन्न स्थानों पर जलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने भारी संख्या में भाग लेकर भगवान श्रीराम की जय जयकार की। सुरक्षा को लेकर भोपा व ककरौली थाने की पुलिस भारी संख्या में तैनात रही। थाना व ग्राम भोपा में दशहरे के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गयी व रावण के विशाल पुतले को जलाया गया। भोपा में रावण के पुतले का दहन पारम्परिक ढंग से किया गया। भोपा में रावण दहन के दौरान भारी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, ग्राम प्रधान तरूण धीमान द्वारा कलाकारों को सम्मानित किया गया। युवा रामलीला कमैटी के अध्यक्ष अनिलकांत शर्मा व डायरेक्टर शुभम शर्मा, सचिव अमरपाल सैनी, अंकित शर्मा, मनोज शर्मा, संजय प्रजापति, आशीष सैनी व कमैटी के सदस्य कुणाल वालिया, संजय प्रजापति, बलिराम मास्टर जी, राकेश कश्यप, सावन, जसबीर सैनी, अंकित प्रजापति, प्रदीप निर्वाल, अर्जुन कुमार, अभिषेक आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं देर शाम मोरना में शुक्रताल मार्ग पर रावण के विशाल पुतले का दहन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से पंकज माहेश्वरी, हरिगोपाल माहेश्वरी, राजेन्द्र धीमान, अरूण पाल आदि उपस्थित रहे। ग्राम खुजेडा, बेहडा सादात, ढांसरी व भुवापुर गाँव में भी रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में क्षेत्राधिकारी भोपा राम आशीष यादव, थाना भोपा प्रभारी निरीक्षक विजेन्द्र सिंह रावत, थानाध्यक्ष ककरौली जितेन्द्र सिंह, एसएसआई सत्यनारायण दहिया, हाशिम रजा, विजय मावी, नितिन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## कुरीतियों को दूर कर ही समाज का विकास को सकता है

जानसठ, 5 अक्टूबर (बु.)। जाट महासभा की बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र सिंह ने कहा हमें सामाजिक कुरीतियों को दूर कर ही समाज का विकास को सकता है। मृत्यु भोज पर सर्वसम्मति से प्रतिबंध लगाने की घोषणा की गई। बुधवार को विकासखंड जाट महासभा की एक बैठक गांव मंदौड़ में चौधरी राजवीर सिंह के निवास पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता चौधरी नरेंद्र सिंह ब्लॉक अध्यक्ष एवं प्रमुख द्वारा की गई उन्होंने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर कर ही समाज का विकास हो सकता है महासभा में पत्रिका छपवाने, चौधरी चरण सिंह पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती मनाने व संगठन की एकरूपता पर बल दिया गया। इस दौरान वक्ताओं ने सर्वसम्मति से मृत्यु भोज में केवल दूर के अतिथियों को सादा भोजन कराने व अन्य गांव तथा क्षेत्र के लोगों के लिए प्रतिबंधित का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। एक 100 वर्ष की आयु से ऊपर किसी व्यक्ति के स्वर्गवास होने पर सबको सादा भोजन उसकी तेहरेवी में और कराने का निर्णय भी लिया गया। पत्रिका हेतु सभी से लेख देने का आग्रह किया गया। तथा चौधरी चरण सिंह पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती 23 दिसंबर को प्रतिवर्ष यज्ञ के साथ मनाने का निर्णय भी लिया गया। बैठक का संचालन संतोष कुमार वर्मा ने किया। बैठक में अनिल कुमार प्रधान, ओमवीर सिंह प्रधान, वीरेंद्र सिंह मास्टर, चंद्रपाल सिंह, प्रमोद डायरेक्टर इंदरपाल, हरेंद्र प्रधान, संतोष वर्मा, धर्मेंद्र आर्य, अरविंद आर्य, चौधरी नरेंद्र सिंह, राज सिंह, अभिषेक काकरान, तिलक सिंह आर्य, सेंसर पाल, राजवीर सिंह उपस्थित रहे।

## विजय का पर्व विजयदशमी धूमधाम से मनाया

शामली, 5 अक्टूबर (बुस.)। असत्य पर सत्य पर विजय स्वरूप दशहरा का पर्व जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। रावण दहन करके लोगों ने मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम का जयघोष किया। पूर्व मंत्री सुरेश राणा और भाजपा नेत्री मृगांका सिंह ने राम-लक्ष्मण, हनुमान जी को तिलक किया।

शहर के मंदिर हनुमान टीला पर रामलीला समिति द्वारा बुधवार को दोपहर बाद अहिरावण और रावण वध की लीलाओं का मंचन किया गया। जिसमें अहिरावण राम-लक्ष्मण को मूर्छित करके अपने साथ पाताल लोक ले जाता है। जब हनुमान जी को इसका पता चलता है तो वे देवी का रूप धारण कर मंदिर में पहुंच जाते हैं, जहां अहिरावण राम-लक्ष्मण को बलि देने के लिए आया, जिसे हनुमान जी मारकर दोनों को मुक्त करा देते हैं। रावण को जब इसका पता चला तो वह राम-लक्ष्मण से युद्ध करने स्वयं रणभूमि में आया, जहां दोनों के बीच जबरदस्त युद्ध हुआ, लेकिन नाभि के अमृत के कारण रावण नहीं मरता, तब विभीषण राम को कहते हैं, रावण की नाभि के अमृत को सुखाओ तभी इसका अंत होगा। जैसे ही राम ने एक साथ तीस बाण छोड़े रावण धरा पर आ गिरा और लोगों ने मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम का जयघोष किया। इस दौरान जयश्रीराम के गगनभेदी नारे गूंजते रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व मंत्री सुरेश राणा और विशिष्ठ अतिथि भाजपा नेत्री मृगांका सिंह ने राम, लक्ष्मण, हनुमान जी को तिलक किया। सुरेश राणा ने कहा कि धर्म पर आज सत्य की विजय हुई है। जब-जब धरती पर अत्याचार होता है। तब-तब भगवान का अवतार होता है। आज श्रीराम ने रावण को मारकर अहंकार का नाश किया है।इस अवसर पर मंदिर के प्रधान सलिल द्विवेदी, राजकुमार मित्तल, प्रतीक अग्रवाल, शरद द्विवेदी, रमेश घीमान, पुनीत द्विवेदी, सुशील संगल, जोगेंद्र पाल सेठी, ब्रजमोहन शर्मा, रवि संगल, आदेश शर्मा, राजकुमार मलिक, मनोज मित्तल, मनोज शर्मा, मनोज वर्मा आदि मौजूद रहे।

इस अवसर पर मंदिर परिसर में विशाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे और बुजुर्गो ने भाग लेकर जमकर खरीदारी और चाट पकौड़ी का आनंद लिया। भीड की अधिकता को देखते हुए पुलिस ने कई बार हंगामा कर रहे युवकों को फटकार भी लगाई।








शुकतीर्थ में पीड़ित से घटना की जानकारी करती पुलिस।  -फोटो बुलेटिन

## नक्षत्र वाटिका के बाहर से बाइक चोरी

भोपा, 5 अक्टूबर (बुस.)। तीर्थनगरी शुकतीर्थ में बाइक चोरों का आतंक है। नगरी से श्रद्धालुओं की अनेक बाइक चोरी हो चुकी है। बुधवार को भी सांझी को गंगा में विसर्जन करने आए फोटोग्राफर की बाइक चोरी कर ली गई। चोरों की घटनाओं से साधु-संतों में रोष बना है।पौराणिक तीर्थनगरी शुकतीर्थ उत्तर भारत का ऐतिहासिक तीर्थ स्थान है। नगरी में बाइक चोरों का आतंक चरम सीमा पर है। गंगा घाट व नक्षत्र वाटिका से अनेक श्रद्धालुओं की बाइक चोरी हो चुकी है। बुधवार को नई मंडी कोतवाली के मौहल्ला गांधीनगर निवासी फोटोग्राफर अनुज कौशिक अपने छोटे भाई छोटू के साथ बाइक से सांझी को गंगा विसर्जन करने को शुकतीर्थ आए थे। गंगा घाट पर विसर्जन के बाद दोनों भाई नक्षत्र वाटिका देखने चले गए। जैसे ही दोनों बांध पर बाइक खड़ी करके अंदर घुसे तो उन्हें बाइक के स्टार्ट होने की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद दोनों भाई बाहर आए तो वहां खड़े एक युवक ने बताया कि एक युवक बाईक को बिहारगढ़ की तरफ ले गया है। पीड़ित शुकतीर्थ पुलिस चौकी पर गए लेकिन वहां ताला बंद मिला। दंडी आश्रम के प्रबंधक मनोहर लाल ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद उप निरीक्षक ललित कुमार मौके पर पहुंचे तथा घटना की जांच पड़ताल की।

## वैश्य समाज की आवश्यक बैठक हुई सम्पन्न

मुजफ्फरनगर, 5 अक्टूबर (बुस.)। महावीर चौक स्थित महाराजा अग्रसेन वैश्य उत्थान सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव मोहन गोयल के आवास पर वैश्य समाज की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शलभ गुप्ता एडवोकेट द्वारा की गई और संचालन प्रदेश महामंत्री आलोक अग्रवाल के द्वारा किया गया। कार्यकर्म में मुख्य अतिथि स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल जी रहे। सर्वप्रथम प्रदेश अध्यक्ष राजीव मोहन गोयल, जिलाध्यक्ष शलभ गुप्ता एडवोकेट और प्रदेश महामंत्री आलोक अग्रवाल के द्वारा मुख्य अतिथि स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल का समिति की और से पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। राज्यमंत्री श्री कपिल देव अग्रवाल ने कहां कि महाराजा अग्रसेन जी महाराज वैश्य समाज का गौरव है। महाराजा अग्रसेन जी महाराज ने समाज मै एक ईंट एक रुपया की सूक्ति से एक आदर्श स्थापित करने का कार्य किया था। समस्त वैश्य समाज को आज उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समस्त समाज की सेवा करनी चाहिए। इसके अलावा मंत्री जी ने कहां की मुझे आज बहुत अच्छा लग रहा है कि आज वैश्य समाज द्वारा एक त्योहार की तरह जगह जगह महाराजा अग्रसेन जयंती का कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे, महाराजा अग्रसेन वैश्य उत्थान सोसाइटी मुजफ्फरनगर द्वारा महाराजा अग्रसेन जी की शोभा यात्रा हर वर्ष निकालने का जो पुनीत कार्य किया जाता है, उसके लिए मै समस्त कार्यकारणी को बहुत बहुत बधाई देता हूं। राजीव मोहन गोयल और शलभ गुप्ता एडवोकेट ने संयुक्त रूप से कहा कि ये केवल एक समिति का कार्य नहीं बल्कि समस्त समाज की खुद की शोभायात्रा है। इस महान पवित्र यात्रा को सब अग्र बन्धु अपनी यात्रा मानकर एक प्लेटफार्म पर एकत्रित होकर 8 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे न्यू मंडी मेहता क्लब पहुंचने का कार्य करे और शोभायात्रा में भागेदारी कर सफल बनाने का कार्य करे। आलोक अग्रवाल और विपिन गोयल ने कहां की ये हमारे समाज के गौरव का मामला है। हम सब को मिलजुल कर जहां जहां से यात्रा गुजरेगी, बढ़-चढ़कर स्वागत करना होगा, जिससे समाज के एक अच्छा संदेश समस्त समाज मै जा सके। समाज के कार्यक्रम में समाज के सभी लोगों को बढ-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए, जिससे अपनी-अपनी भागीदारी हो सके। बैठक में मुख्य रूप से अमित गुप्ता एडवोकेट, अखिलेश जिंदल एडवोकेट, हर्ष वर्धन गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद गर्ग, विपिन गुप्ता, हितेश गर्ग, राजीव बंसल, मनोज गुप्ता, कशिश गोयल, कमल मित्तल, बिजेंद्र गोयल, अनुज गुप्ता, मयंक बंसल, अनुज सिंघल, अंकुर गोयल आदि मौजूद रहे।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकुर दुआ
डिप्टी -सम्पादिका-श्रीमति पूजा दुआ
☎, (प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन-9368549219 (नि.)7983359929,
सम्पादक- 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# विजयदशमी पर संघ स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

शामली, 5 अक्टूबर (बुस.)। स्थापना दिवस के अवसर पर नगर के अलग-अलग क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पथ संचलन निकाला गया। इसमें समयबद्धता, दृढ़प्रतिज्ञा के साथ पूर्ण अनुशासन की साफ झलक देखने को मिली। वक्ताओं ने विजयदशमी के महत्व एवं संघ की स्थापना की परिस्थितियों पर प्रकाश डालते हुए हिंदू समाज को जागृत एवं संगठित करने का आह्वान किया। कार्यकताओं ने पूर्ण गणवेश में पथ संचलन किया। कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर लोगों ने पथ संचलन का स्वागत किया। सुबह से ही पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों ने नगर की विभिन्न शाखाओं में भाग लिया। मां भारती व भगवा ध्वज लगाकर शस्त्र पूजन हुआ। संघ के पदाधिकारियों ने बौद्धिक दिया। विजयदशमी पर्व पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारियों ने शस्त्र पूजा किया। विजयदशमी पर शस्त्र पूजा का विशेष महत्व होता है। बुधवार को कार्यक्रम का प्रारंभ शस्त्र पूजन से हुआ। इसके बाद ध्वजारोहण गीत एवं अमृत वचन के बाद वक्ताओं ने कार्यकताओं को संबोधित किया। मुख्य वक्ता विभाग कार्यवाहक प्रमोद कुमार ने कहा कि भगवान श्रीराम के चरित्र को अपने जीवन में ग्रहण करे। प्रभु श्रीराम ने राजपाठ को छोड़ एक वचन की खातिर वनवास को जाना पसंद किया। यही नहीं माता सीता को तो वनवास नहीं मिला था, लेकिन उसके बावजूद उन्होने श्रीराम के साथ वनवास जाना की उचित समझा। इसलिए श्रीराम के चरित्र को अपने जीवन में ग्रहण करने के साथ साथ एक अच्छाई को दूसरे तक पहुंचने का भी संकल्प लें। बुराईयों से दूर रहे और अच्छाई व धर्म के मार्ग पर चले। शहर के वीवी इंटर कालेज बुधवार को दोपहर बाद स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन निकाला गया। पहले से सुनिश्चित मार्ग लोहे का पुल, हनुमान रोड़, गांधी चैंक, बड़ा बाजार, अजुध्या चैंक, गुजरातियान, रामशाला, गऊशाला रोड़, संघ कार्यालय, बड़ीआल, घीमानपुरा, मंडी गांधी गंज, रेलवे रोड़, तालाब रोड़, मिल रोड़ होते हुए वापस वीवी इंटर कालेज पर पहुंच कर संपन्न हुआ। अग्रिम पंक्ति में घोष दल ने नेतृत्व किया। इसके पीछे की पंक्तियों में अलग-अलग आयु वर्ग स्वयंसेवक अनुशासित रूप से कदम के साथ कदम मिला रहे थे। सांस्कृतिक अखंड भारत के प्रतीक भगवा ध्वज को लेकर ध्वजवाहक चल रहे थे। विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों, महिलाओं द्वारा ध्वज पर पुष्प वर्षा व जय घोष कर स्वयंसेवकों का स्वागत सत्कार किया गया। पथ संचलन कार्यक्रम के समापन में संघ के वरिष्ठ अधिकारियों का सानिध्य एवं मार्गदर्शन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक तेजेन्द्र निर्वाल, हरबीर मलिक, विनीत चैहान, सुमित, आशीष, शिखर, शिवम, नंदकिशोर, प्रवीण, लोकेश, सोनू, अतुल, जयदेव, मलूकचंद आदि मौजूद रहे।





## गधों से चलेगी पाकिस्तान की इकॉनमी? चीन ने खरीदने में दिखाई दिलचस्पी



इस्लामाबाद, 5 अक्टूबर (नेट)। पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति दुनियाभर के देशों से छिपी हुई नहीं है। कभी पाक चीन से तो कभी आईएमएफ से कर्ज की मांग करता रहता है। अब पाकिस्तान अपने देश के गधों और कुत्तों को चीन को बेचने का मन बना रहा है। ऐसे में सवाल उठने लगा है कि क्या पाकिस्तान गधे और कुत्ते एक्सपोर्ट करके अपनी इकॉनमी सुधारने की कोशिश कर रहा है? वहीं, चीन ने भी इसमें दिलचस्पी दिखाई है। बता दें कि पाकिस्तान दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा गधों की आबादी वाला देश है। यहां पर 57 लाख गधों की संख्या है। पहले भी गधों को पाकिस्तान चीन को निर्यात कर चुका है।

पाकिस्तान के वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को वाणिज्य पर सीनेट की स्थायी समिति को बताया कि चीन ने पाकिस्तान से गधों और कुत्तों को इम्पोर्ट करने में रुचि व्यक्त की है। जानकारी के अनुसार, वाणिज्य पर सीनेट की स्थायी समिति की बैठक इस्लामाबाद में जीशान खानजादा की अध्यक्षता में आयात और निर्यात पर एक ब्रीफिंग प्राप्त करने के लिए आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान स्थायी समिति के सदस्य दिनेश कुमार ने कहा कि चीन पाकिस्तान से गधों के साथ-साथ कुत्तों को भी निर्यात करने को कह रहा है. इस पर सीनेटर अब्दुल कादिर ने कहा कि चीनी राजदूत कई बार पाकिस्तान से मांस निर्यात करने की बात कर चुके हैं. बता दें कि पिछले साल, पंजाब सरकार ने विदेशी मुद्रा हासिल करने के लिए गधों को निर्यात करने के उद्देश्य से ओकारा जिले में एक फार्म स्थापित किया है। फार्म को प्रांत में पहली सरकारी स्वामित्व वाली सुविधा कहा जाता है, जहां अमेरिकी सहित महान नस्लों के गधों को चीन और अन्य देशों में निर्यात के लिए पाला जाएगा।





## पुतलों के दहन होने के साथ असत्य पर सत्य की विजय हुई

मीरापुर, 5 अक्टूबर (बु.)। मीरापुर क्षेत्र में बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक विजयदशमी पर्व परंपरागत तरीके से धूमधाम से मनाया गया, रामलीला मैदान में श्री राम व रावण के युद्ध के बाद रावण व मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। इससे पूर्व लोगों ने घरों में दशहरा पूजन के दौरान शस्त्र पूजन किया। मीरापुर क्षेत्र में दशहरा पर्व परंपरागत तरीके से धूमधाम से मनाते हुए सर्व प्रथम घरों में दशहरा पूजन किया,इस दौरान लोगों ने पूरे परिवार के साथ श्री राम का पूजन किया साथ ही शस्त्र पूजन किया।

इसके बाद शाम को रामलीला मैदान में रामलीला समिति के तत्वाधान में चल रही रामलीला में श्री राधा सर्वेश्वर मण्डल वृन्दावन के कलाकारों द्वारा श्री राम रावण के बीच युद्ध की लीला दिखाई गई।श्री राम जी के हाथों रावण का वध दिखाया गया। रावण के वध के साथ ही बुराई पर अच्छाई की जीत हुई।

इसके बाद रावण व मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। इस दौरान लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाए।इस दौरान भाजपा नेता रोहित बंसल व प्रिंस चौधरी ने भगवान श्री राम की आरती की,इस दौरान व्यवस्था बनाने में भारी पुलिसबल व रामलीला समिति के अध्यक्ष दीपक गोयल, रोहित माहेश्वरी, गौरव भटनागर, अनिरुद्ध गोयल, प्रदीप गोयल,दीपक प्रजापति, पार्थ गोयल,वाशु गोयल,सुभाष कुमार, शिवकुमार, रजनीश गंगपुरी, उज्जवल, विवेक वर्मा, सुनील भटनागर,टीटू शर्मा, मिन्टू चौधरी, बॉबी खत्री, आदि लोग मौजूद रहे। सभी ने कार्यक्रम का आनन्द उठाया।

## बुढ़ाना कस्बे में हुआ रावण के पुतले का दहन

बुढ़ाना, 5 अक्टूबर (बु.)। बुधवार की देर शाम तक बुढ़ाना कस्बे में दशहरे के पर्व की काफी धूम मची रही। चांदनी वाला मंदिर के बाहर लगभग साढ़े छह बजे के आसपास बुराई पर हुई अच्छाई की जीत के रूप में बड़ी ही धूमधाम के साथ अहंकारी रावण का दहन भाजपा के वरिष्ठ नेता और बुढ़ाना नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र त्यागी द्वारा धनुष से तीर छोड़कर किया गया। जलते रावण को देखने के लिए उमड़ी भीड़ का सैलाब बुढ़ाना कस्बे में देखने को मिला। कस्बे में दशहरे की पूरी धूम रही और पूरे उल्लास के साथ इस त्यौहार को मनाया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद देखा गया। जिसमें बुढ़ाना एसडीएम अरुण कुमार श्रीवास्तव, सीओ विनय गौतम, बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवेंद्र सिंह यादव, एसएसआई शैलेन्द्र सिंह और बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी व्यवस्था बनाने में लगे रहे। इस दौरान पुतला दहन से पहले लोगों की भारी भीड़ ने रावण के विशालकाय पुतले को देखा तो बच्चे उसको देखकर आश्चर्यचकित हुए। महिलाओं की संख्या भी काफी तादाद में देखने को मिली। यहां पर रामलीला कमेटी से जुड़े ज़िम्मेदार लोगों में मुख्य रूप से अनुप जैन उर्फ अप्पू, अनुप गर्ग और आशीष आदि उपस्थित रहे। तद उपरांत भरत मिलाप कार्यक्रम डीसीडीएफ के पूर्व चेयरमैन सुबोध त्यागी के आवास पर किया गया। यहां पर सभी ने भोजन का भी आनन्द लिया। इस दौरान यहां पर सैंकड़ों धर्मप्रेमियों ने भाग लेकर भरत मिलाप का आनंद लिया। इस दौरान यहां पर सभी की आंखों में आंसू आ गए। भरत मिलाप का दृश्य वास्तव में सभी को भाव विभोर कर दिया। सभी ने मेले का भरपूर आनन्द उठाया और खाने-पीने का मजा लिया।

## उद्धव ठाकरे को तगड़ा झटका देंगे एकनाथ शिंदे

मुंबई, 5 अक्टूबर (नेट)। दशहरा रैली के लिए शिंदे और उद्धव गुट दोनों ने ही कमर कस ली है। इसी बीच शिवसेना सांसद कृपाल तुमाने ने बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि इस रैली में उद्धव गुट के दो सांसद और पांच विधायक एकनाथ शिंदे के गुट में शामिल हो जाएंगे। बता दें कि शिंदे गुट में 40 विधायक पहले से ही थी जिसके बलबूते उन्होंने उद्धव ठाकरे को कुर्सी छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया था। इसके अलावा नई सरकार के गठन के बाद 12 सांसद भी शिंदे गुट में शामिल हो गए थे। अगर तुमाने का दावा सच होता है तो शिंदे गुट में 14 साांसद और 45 विधायक हो जाएंगे। उधर उद्धव ठाकरे के गुट में केवल 9 विधायक ही शेष रह जाएंगे। बताया जा रहा है कि जो विधायक और सांसद पाला बदलने वाले सांसदों में एक मराठवाड़ा से तो दूसरा मुंबई से है। गजानन कीर्तिकर उद्धव गुट सेशिंदे गुट में शामिल हो सकते हैं। वह पहले भी कई बार उद्धव सरकार की आलोचना कर चुके हैं। वहीं मराठवाड़ा से ओमराजराजे निबलकर और संजय जाधव का नाम लिया जा रहा है। इनमें से एक पाला बदल सकता है। 56 साल बाद पहली बार ऐसा हो रहा है कि दो दशहरा रैलियां आयोजित की जा रही हैं। जानकारी के मुताबिक बड़ी संख्या में लोग जनसभाओं में पहुंच रहे हैं। शिवसेना में बगावत करने के बाद एकनाथ शिंदे लगातार दावा कर रहे हैं उनका गुट ही असली शिवसेना है। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने यह तय करने का काम चुनाव आयोग को सौंप दिया है। अगर शिंदे कैंप में विधायक और सांसद शामिल हो जाते हैं तो जाहिर सी बात है कि चुनाव आयोग भी उन्हीं के पक्ष में फैसला सुना सकता है। एकनाथ शिंदे बीकेसी ग्राउंड में लगने वाले दशहरा मेले में कई बड़े आरोप लगा सकते हैं।

उन्होंने विधानसभा में कहा था कि महाविकास अघाड़ी सरकार में उन्हें मुख्यमंत्री बनाने की बात कही गई थी लेकिन बाद में उद्धव ठाकरे खुद ही सीएम बन गए औ? उन्हें शहरी विकास मंत्रालय का कार्यभार दे दिया है। उन्होंने यह भी कहा था कि उनके विभाग में गैरजरूरी दखल दिया जाता था।





मीरापुर दशहरा मेले में आयोजित दंगल में दमखम दिखाते पहलवान।

## महबूबा मुफ्ती ने लगाया 'हाउस अरेस्ट' का आरोप



श्रीनगर, 5 अक्टूबर (नेट)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जम्मू-कश्मीर दौरे के बीच, पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को दावा किया कि उन्हें नजरबंद किया गया है। महबूबा ने कहा कि पुलिस ने उन्हें बारामूला जिले के पट्टन शहर में एक शादी में शामिल होने से रोका। हालांकि श्रीनगर पुलिस ने इस आरोप का खंडन किया है। पुलिस ने महबूबा के घर के बाहर की तस्वीरें शेयर करते हुए कहा कि उन्होंने खुद से अंदर से ताला लगाया हुआ है। पुलिस ने पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष के दावों को खारिज करते हुए कहा कि वह कहीं भी यात्रा करने के लिये स्वतंत्र हैं। दरअसल पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती ने ट्वीट कर दावा किया कि उन्हें उत्तरी कश्मीर के एक इलाके में जाने से रोकने के लिए घर में नजरबंद रखा गया। महबूबा ने दावा किया कि चूंकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह यहां से 54 किलोमीटर दूर उत्तरी कश्मीर में बारामूला जा रहे थे और वहां एक जनसभा को संबोधित कर रहे हैं, इसलिए उन्हें यहां से 27 किलोमीटर दूर पट्टन में एक पार्टी कार्यकर्ता की शादी में शामिल होने से रोक दिया गया। उन्होंने गृह मंत्री और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को टैग करते हुए एक ट्वीट में कहा, ह्लगृह मंत्री जब कश्मीर में हालात सामान्य होने का ढोल पीटते घूम रहे हैं, मैं घर में नजरबंद हूं क्योंकि मैं एक कार्यकर्ता की शादी में शामिल होने के लिए पट्टन जाना चाहती थी। अगर एक पूर्व मुख्यमंत्री के मौलिक अधिकारों को इतनी आसानी से निलंबित किया जा सकता है, तो आम लोगों की पीड़ा के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता।ह्व उन्होंने अपने घर के मुख्य दरवाजे को कथित तौर पर बंद किए जाने की तस्वीरें भी साझा कीं।

## विजयदशमी पर मेले का आयोजन किया

जानसठ, 5 अक्टूबर (बु.)। कस्बे के श्री ज्ञानेश्वर महादेव मंदिर के पास दशहरा मेला के मैदान में विजयदशमी के त्यौहार पर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें रावण, कुंभकरण, मेघनाथ के पुतलों का दहन किया। प्राचीन रामलीला समिति मोहल्ला मिश्रान ने गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी दशहरे मेले का सुंदर आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन चेयरमैन प्रवेन्द्र भडाना ने फीता काटकर किया। इसके बाद मैदान में श्री राम और रावण की सेना के बीच भयंकर युद्ध हुआ। श्री राम ने रावण की नाभि में ब्रह्मास्त्र चला कर रावण का वध किया। विजयादशमी के पर्व पर हजारों लोगों ने मेले का आनंद लिया। बच्चों ने मेले में खूब खरीदारी की। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रवेंद्र भडाना ने श्री राम के साथ रावण के पुतले का दहन किया। समाजसेवी अमित सैनी ने लक्ष्मण के साथ मेघनाथ के पुतले का दहन किया। रतन सिंह राजपूत ने कुंभकरण के पुतले का दहन किया। इस दौरान कमेटी के आजीवन संरक्षक जयप्रकाश कांबोज, रमेश चंद कांबोज, वेद प्रकाश सैनी, यशवंत कांबोज, निशांत कांबोज, उमाशंकर शर्मा, सोनी कुमार गुर्जर, अमित कुमार शर्मा, प्रदीप राणा, रतन सिंह राजपूत, रामअवतार दिक्षित, प्रमोद, डॉ प्रदीप, रिंकू राजपूत, राहुल, दीपक, विकास धनगर, सहीत कमेटी के कलाकार और सदस्य मौजूद रहे।

## विजयदशमी के मौके पर आयोजित दंगल में दूरदराज से आये पहलवानों ने दिखाया दमखम

मीरापुर, 5 अक्टूबर (बु.)। विजयदशमी पर्व के अवसर पर मीरापुर के सनातन धर्म इंटर कालेज के मैदान में विशाल दंगल का आयोजन हुआ इस दौरान विशाल दंगल प्रतियोगिता मे पहलवानो ने अपना दमखम दिखाया। विजयदशमी पर्व के अवसर पर मीरापुर के सनातन धर्म इंटर कालेज के मैदान में विशाल दंगल का आयोजन हुआ दशहरे के मेले में प्रत्येक वर्ष होने वाले विशाल दंगल में लोगों का भारी हुजूम दोपहर से जुट गया था।दंगल का शुभारंभ मुख्यअतिथि भाजपा नेता अमित राठी, सिद्धार्थ चौधरी,लोकदल के वरिष्ठ नेता अभिषेक चौधरी ने अखाड़ा पूजन व विधिवत पूजा अर्चना कर किया। जिसमें दूर दराज क्षेत्रों से आए पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया।

दंगल की शुरूआत छोटे बच्चों की कुश्तियों से हुई जिन्होंने अपने करतब दिखाते हुए सबका मन मोह लिया वहीं,दंगल के आयोजक अंकुर भाटी,कोकिल काकराण, मिन्टू पहलवान,दिनेश पहलवान ने बताया कि दंगल में मेरठ,मुजफ्फरनगर,शामली, सहारनपुर के अलावा दिल्ली,पंजाब व हरियाणा समेत अन्य कई राज्यों के पहलवानो ने प्रतिभाग किया।

## दो साल की बच्ची की मौत के बाद मां-बाप गिरफ्तार

आइजोल, 5 अक्टूबर (नेट)। मिजोरम में एक दो साल की बच्ची की हत्या के बाद उसके मां-बाप को ही गिरफ्तार किया है। मेडिकल रिपोर्ट में बच्ची के साथ यौन शोषण की भी पुष्टि हुई है। 16 सितंबर को आइजॉल के जानेमाने प्राइवेट अस्पताल में बच्ची की मौत हो गई थी। 1 अक्टूबर को उसके पिता को और 3 अक्टूबर को मां को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मां-बाप के खिलाफ केस दर्ज किया है। अस्पात की रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि की गई थी की बच्ची का यौन शोषण किया गया। रिपोर्ट में गया था कि बच्ची की मौत श्वास संबंधी बीमारी से हुई थी। वहीं पुलिस का कहना है कि जब बच्ची के शव को परिवार को सौंपने की तैयारी थी तब उसके शरीर पर कुछ असामान्य निशान दिखे जिसके बाद यौन शोषण का शक गहरा गया।

आइजॉल के सरकारी अस्पताल की फरेंसिक लैब की रिपोर्ट के मुताबिक उसके साथ रेप नहीं हुआ है। वहीं पुलिस ने पॉक्सो ऐक्ट के तहत केस दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने बच्ची के रिश्तेदारों और आसपास रहने वाले लोगों से भी पूछताछ की। पुलिस ने अपने बयान में कहा, मां-बाप ने माना है कि बच्ची हमेशा उनके ही पास थी। हालांकि परिस्थितियों को देखते हुए बच्ची के मां-बाप को गिरफ्तार किया गया है।

29 सितंबर को साामाजिक कार्यकर्ता वानरामछुंगी ने इस मामले को लेक एफआईआर दर्ज करवाई थी और मां-बाप को ही मुख्य संदिग्ध बताया था। इसके बाद बच्ची के परिवार वालों ने भी आरोपों को खारिज किया और साजिश की शिकायत दर्ज करवाई।

आइजोल के एसपी सी लालरुआइया ने कहा है कि दो नई एफआईआर नहं दर्ज की गई हैं क्योंकि पहले ही केस दर्ज हो चुका था। पिछले सप्ताह स्थानीय लोगों ने बच्ची के लिए न्याय की मांग करते हुए प्रदर्शन भी किया था।

## ताजमहल देखने का मजा होगा दोगुना, एक ही स्थान से किला और यमुना का भी दीदार, दीपावली से पहले मिलने जा रही सौगात



आगरा, 5 अक्टूबर (नेट)। उत्तर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ताजनगरी आगरा में उद्यान विभाग ने ताजमहल के साये में एक खास टॉवर बनाया है। इस टॉवर की ऊंचाई से पर्यटक ताजमहल, आगरा किला, मेहताब बाग और यमुना नदी का शानदार नजारा देख सकेंगे। उद्यान विभाग ने शीशमहल पार्क में वॉच टावर का निर्माण किया है। दीपावली से पहले इसे पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। विभाग ने ताजमहल के पश्चिमी गेट पर स्थित शीश महल पार्क में वॉच टावर का निर्माण किया है। वॉच टॉवर से पर्यटक ताजमहल, आगरा किला और यमुना नदी का एक साथ दीदार कर सकते हैं। इस वॉच टावर के चारों ओर हरियाली है। उप निदेशक (उद्यान) कौशल कुमार नीरज ने बुधवार को बताया कि शीशमहल टीले पर पहले सुरक्षा की दृष्टि से नजर रखने के लिए वॉच टावर बनाया गया था, जो जर्जर हो गया था। उसे तोड़कर पर्यटकों के लिए नए वॉच टावर का निर्माण किया गया है। एक बार में टॉवर पर लगभग 100 पर्यटक जा सकेंगे। नीरज ने बताया कि शीश महल पार्क को विकसित करने में 72 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। पार्क में वॉच टॉवर और पाथवे के निर्माण का काम पूरा हो चुका है। पार्क में फुलवारी समेत अन्य पौधों का रोपड़ कर दिया गया है। एक बड़े क्षेत्रफल में फैले शीश महल पार्क में एक हट भी बनाई गई है। जहां बैठकर1 पर्यटक शुद्ध हवा का आनंद ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि वॉच टावर के अलावा पार्क में भव्य प्रतिमा, झरना, फव्वारा, लाइटिंग और कैंटीन समेत अन्य काम प्रस्तावित हैं। दीपावली से पहले उद्यान विभाग पार्क का उद्घाटन करने की तैयारी में जुटा हुआ है।

## जो मेरे उत्तराधिकारी होंगे, वे मेरे बेटे होंगे...



नई दिल्ली। देश भर में रावण दहन के साथ दशहरा मनाने की तैयारियां चल रही हैं, लेकिन महाराष्ट्र में सियासी पारा चढ़ा हुआ है। एक तरफ उद्धव ठाकरे गुट शिवाजी पार्क में रैली की तैयारियां कर रहा है तो वहीं एकनाथ शिंदे समूह की ओर से भी तैयारी जोरों पर है। यही नहीं इस बीच बयानबाजी की लड़ाई भी जोरों पर है। एकनाथ शिंदे ने रैली से ठीक पहले कविता के जरिए उद्धव ठाकरे पर तंज कसा है। उन्होंने अपने ट्वीट में किसी का नाम नहीं लिया है, लेकिन जो लिखा है, उससे माना जा रहा है कि उन्होंने ठाकरे फैमिली के परिवारवाद पर अटैक किया है। उन्होंने हरिवंश राय बच्चन की पंक्तियां ट्वीट करते हुए लिखा, 'मेरे बेटे, बेटे होने से मेरे उत्तराधिकारी नहीं होंगे, जो मेरे उत्तराधिकारी होंगे, वो मेरे बेटे होंगे।'

इसके अलावा एक और ट्वीट उन्होंने किया था, जिसमें उन्होंने बालासाहेब ठाकरे के विचारों को देश और धर्म की रक्षा के लिए अहम बताते हुए लोगों से बीकेसी मैदान पर जुटने का आह्वान किया था। इसी मैदान पर एकनाथ शिंदे गुट दशहरा रैली करने का जा रहा है। एकनाथ शिंदे ने ट्वीट किया, 'विकास की यात्रा में ईश्वर, देश और धर्म की रक्षा के लिए बालासाहेब के विचार महत्वपूर्ण हैं। आइए आज हम सबका कल्याण करने का संकल्प लें। बीकेसी मैदान पर श्री बालासाहेब के विचारों का संकल्प लेने के लिए एकजुट हों। सभी को दशहरे की हार्दिक शुभकामनाएं।



मीरापुर के मुकल्लमपुरा में शस्त्र पूजन करते विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता।

## विहिप व बजरंग दल ने किया शस्त्र पूजन

मीरापुर, 5 अक्टूबर (बु.)दशहरा पर्व के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकताओं ने अस्त्र-शस्त्र की पूजा कर उत्साह के साथ विजयदशमी पर मनाया। विश्व हिंदू परिषद के सह जिला मंत्री हरीश सैनी ने बताया कि आज के दिन भगवान श्री राम ने रावण का वध करके अधर्म का विनाश किया था तथा बुराई पर अच्छाई की विजय की थी। इस दिन हिन्दू समाज के लोग प्रतीक के रूप में शस्त्रों की पूजा करते है।

इसी के चलते मुकल्लमपुरा स्थित शिव मंदिर में बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं ने अपने अस्त्र-शस्त्र की पूजा की तथा दशहरा पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष गौरव, ग्राम अध्यक्ष सनी कुमार, उपाध्यक्ष मनीष कुमार ,सुनील कुमार,अनिल बादल,अभिषेक, संजय,राजा, हिमांशु, कालू ,दीपक आदि मौजूद रहे।

## जनसंख्या असंतुलन पर बोले मोहन भागवत- बने पॉलिसी और सब पर एक समान हो लागू

नागपुर, 5 अक्टूबर (नेट) । महाराष्ट्र के नागपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मुख्यालय में दशहरा पर्व पर शस्त्र पूजा की गई। इस दौरान संघ प्रमुख मोहन भागवत ने दुनिया के उदाहरण पेश करते हुए जनसंख्या असंतुलन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि भारत को जनसंख्या नियंत्रण कानून की जरूरत है। इस दौरान उन्होंने महिला सशक्तिकरण समेत कई अहम मुद्दों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा, 'जनसंख्या नियंत्रण के साथ-साथ धार्मिक आधार पर जनसंख्या संतुलन भी बहुत जरूरी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।' उन्होंने कहा, 'जनसंख्या को संसाधन की जरूरत होती है। अगर यह संसाधन को बढ़ाए बगैर बढ़ेगी, तो बोझ हो जाएगी।' उन्होंने कहा, 'यदि इसका सही इस्तेमाल हो तो यह साधन भी है। एसेट्स भी है। किसी भी देश में 57 करोड़ युवाओं की संख्या नहीं है। हमारा पड़ोसी देश चीन बुजुर्ग हो चला है। लेकिन हमें विचार को समझना होगा।' भागवत ने कहा, 'जनसंख्या असंतुलन के चलते भौगोलिक सीमाओं में भी बदलाव होता है।' इस दौरान उन्होंने असंतुलन के कारण भी गिनाए। उन्होंने कहा, 'जन्मदर में अंतर के अलावा जबरन, लुभाकर या लालच से धर्मांतरण और घुसपैठ भी इसके बड़े कारण हैं।' भागवत ने कोसोवो और दक्षिण सुडान जैसे देशों का उदाहरण दिया, जो जनसंख्या में धर्म के असंतुलन के चलते पैदा हो गए। संघ प्रमुख ने साफ कहा कि जनसंख्या को लेकर एक समग्र नीति बननी चाहिए और उसमें किसी को छूट नहीं मिलनी चाहिए। सभी पर समान रूप से नीति लागू होनी चाहिए। यदि कोई चीज लाभ वाली बात है तो समाज आसानी से स्वीकार कर लेता है।

लेकिन जहां देश के लिए छोड़ना पड़ता है तो थोड़ी दिक्कत आती है। अगर यह संसाधन को बढ़ाए बगैर बढ़ेगी, तो बोझ हो जाएगी।' उन्होंने कहा, 'यदि इसका सही इस्तेमाल हो तो यह साधन भी है।

एसेट्स भी है। किसी भी देश में 57 करोड़ युवाओं की संख्या नहीं है। हमारा पड़ोसी देश चीन बुजुर्ग हो चला है। लेकिन हमें विचार को समझना होगा।'

## रावण दहन के साथ चरथावल में रामलीला महोत्सव सम्पन्न हुआ

चरथावलःऔर रावण दहन के साथ ही चरथावल में पिछले दस दिनों से चल रहे श्री रामलीला महोत्सव का समापन हो गया।श्री मति पूर्णी देवी रामलीला समिति बाजार कला चरथावल के सौजन्य से रामायण प्रसारण स्थल स्थानीय शिवचौक से बुधवार को दोपहर बाद भगवान राम,हनुमानजी के साथ रथ पर सवार होकर अपनी विशाल वानर सेना के साथ रणभूमि(रामलीला मैदान मुजफ्फरनगर रोड) में पहुंचे जहां भगवान राम व रावण की सेनाओं में घोर युद्ध में रावण की अधिकतर सेना के विध्वंस के पश्चात लंकापति रावण व भगवान राम के बीच घोर संग्राम हुआ और अंततः भगवान ने रावण की नाभि पर अग्निबाण चला कर उसका अंत कर दिया,और इसी के साथ मैदान में खड़ा रावण का विशाल काय पुतला तेज धमाकों के साथ धू-धू कर जलने लगा।बुराई पर अच्छाई की जीत होते ही मैदान में मौजूद हजारों लोगों की भीड़ ने जय श्री राम का नाद कर आकाश गुंजा दिया।इस मौके पर व्यवस्था बनाने में राम लीला समिति के संरक्षक ब्रह्मप्रकाश गर्ग,पूर्व चेयरमैन





सुधीर सिंघल,अध्यक्ष आदेश गर्ग नवरंग,अनुज गर्ग नुज्जी,कोषाध्यक्ष रिक्की गर्ग,भाजपा मण्डल अध्यक्ष मनीष गर्ग, रिक्की गर्ग,राजेश गर्ग,व्यापार मण्डल अध्यक्ष अनुज गर्ग भूरा,सन्दीप कंसल,हरिकृष्ण गर्ग,संजय गर्ग,श्री राम,तरंग गर्ग,वासु गर्ग व शैंकी गर्ग आदि का योगदान रहा।इस मौके पर आरुप कुच्छल,रिंकल देव सिंघल,राजेश गोयल,गौरव सिंघल,नवीन कंसल,लव गर्ग,अनमोल सिंघल व सौरभ सिंघल भी मौजूद रहे।थानाप्रभारी राकेश शर्मा ने भारी फोर्स के साथ सुरक्षा व्यवस्था की कमान स्वयं संभाले रखी।कस्बे में अन्य स्थान पर चल रही रामलीला के सौजन्य से भी रामलीला मैदान पर दूसरे रावण का भी दहन किया गया।भगवान राम के साथ ही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर चेयरमैन सतेन्द्र त्यागी ने भी रावण के विशाल पुतले पर अग्निबाण चला कर उसका अंत कर दिया,इस मौके पर गुड्डू त्यागी, रविकांत त्यागी उर्फ सिंपल,निधीश गर्ग,आदेश शर्मा,बिल्ला त्यागी,व रवि कश्यप आदि मौजूद रहे।

## अंबानी परिवार को जान से मारने की धमकी



नई दिल्ली, 5 अक्टूबर (नेट)। एक अज्ञात शख्स ने बुधवार को दक्षिण मुंबई में स्थित सर एचएन रिलायंस अस्पताल के लैंडलाइन नंबर पर कॉल करके धमकी दी। इस शख्स ने अस्पताल को उड़ाने की धमकी दी। इसके अलावा मुकेश अंबानी और उनके परिवार को भी धमकी देने की बात सामने आई है। इस धमकी के बाद अस्पताल और अंबानी परिवार के घर एंटीलिया के बाहर सुरक्षा में इजाफा कर दिया गया है। बीते दो महीनों में यह दूसरा मौका है, जब अंबानी परिवार को धमकी मिली है। पुलिस के मुताबिक दोपहर करीब 1 बजे अस्पताल में एक अज्ञात शख्स की कॉल आई, जिसमें धमकी दी गई है। डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस नीलोत्पल ने बताया कि कॉल करने वाले शख्स ने अंबानी परिवार के कुछ लोगों का नाम लेकर भी धमकी दी। इस मामले में डीबी मार्ग पुलिस थाने में केस दर्ज कर लिया गया है। इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी किस नंबर से कॉल किया था और उसकी पहचान किया था। एक बार यह जानकारी मिलने के बाद आरोपी शख्स की धरपकड़ के प्रयास तेज किए जाएंगे। इसी साल अगस्त में ही एक 56 वर्षीय ज्वेलर को गिरफ्तार किया गया था। उस पर भी मुकेश अंबानी के परिवार को धमकी देने का आरोप लगा था। उसने मुकेश अंबानी को भी जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपी की पहचान विष्णु विधु भौमिक के नाम से हुई थी। उसने 9 बार अस्पताल में कॉल करके धमकी दी थी। इसमें से ही एक कॉल में उसने कहा था कि उसका नाम अफजल गुरु है और वह अगले तीन घंटों में कुछ भी कर सकता है।

# मुजफ्फरनगर बुलेटिन के स्वर्ण जयंती समारोह में उपस्थित रहे जनपद के गणमान्य लोगों का आभार


































1973-2022

सम्पादक की कलम से

# विजय दशमी का उल्लास

कल देशभर में विजय दशमी पर्व का उल्लास रहा। कहीं-कहीं वर्षा से व्यवधान भी हुआ। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने कुल्लू का दशहरा देखा। प्रधानमन्त्री मोदी इंटरनेशनल कुल्लू दशहरा उत्सव में शामिल होने के लिए कुल्लू पहुंचे। मोदी कुल्लू दशहरा उत्सव में शामिल होने वाले देश के प्रथम प्रधानमन्त्री हैं। इनसे पहले गृह मन्त्री के रूप में लाल कृष्ण आडवाणी कुल्लू दशहरा उत्सव में शामिल हुए थे। भारत भर में दशहरा उत्सव की अलग-अलग कहानियां हैं। सवा सौ साल पुराने अल्मोड़ा के हुक्का क्लब में खेली जाने वाली रामलीला को यूनेस्को ने सांस्कृतिक धरोहरों की सूची में जगह दी है। यहां दशहरे में परम्परागत रूप से तीस से अधिक पुतले बनाए और जलाए जाते हैं, इनमें, रावण, कुंभकर्ण, मेघनाद, मारीच, सुबाहु, अहिरावण और ताड़का जैसे चरित्रों का पुतले शामिल है। लखनऊ के आर्ट्स कॉलेज से पढ़ाई करके आने वाले लोग इन पुतलों को बनाते थे। अल्मोड़ा के पुतलों की कला में इन छात्रों का योगदान बहुत बड़ा माना जाता है। अल्मोड़ा में सवा सौ साल पुराना विख्यात क्लब है, जिसके प्रांगण में खेली जाने वाली रामलीला को यूनेस्को ने मनुष्यता के सांस्कृतिक इतिहास की सबसे अहम धरोहरों की सूची में जगह दी है। वहाँ का दशहरा कई मायनों में खास है। समूचे उत्तर भारत में दशहरे के मौके पर दहन के लिए अमूमन रावण और उसके साथ मेघनाद और कुंभकर्ण ही के पुतले जलाए जाते हैं, लेकिन अल्मोड़ा के दशहरे में रावण के पूरे खानदान के असुरों के पुतले बना कर जलाए जाते हैं। अल्मोड़ा के दशहरे में परंपरागत रूप से तीस से अधिक पुतले बनाए और जलाए जाते हैं, इनमें रावण, कुंभकर्ण, मेघनाद, मारीच, सुबाहु, अहिरावण और ताड़का जैसे परिचित चरित्रों के अलावा अतिकाय, नरान्तक, देवांतक और प्रहस्त जैसे असुरों तक के पुतले होते हैं। यह क्लब पिछले इकतालीस सालों से ताड़का का पुतला बना रहा है। जौहरी मोहल्ले में कुम्भकर्ण का, तो पलटन बाजार में मेघनाद का पुतला बनता आ रहा है। 1980 तक ये पुतले धान की पराली से बनाए जाते थे। एक पुतले में दो सौ किलो पराली लगती थी और बीस से तीस फीट ऊंचा एक-एक पुतला तीन से साढ़े तीन सौ किलो का हुआ करता था। 1980 में त्रिभुवन गिरि ने पहली बार बाँस की खपच्चियों और उनके छिलकों और लोहे के तारों के फ्रेम से पुतले बनाने शुरू किए। ये पुतले पच्चीस से तीस किलो के होते हैं, इन्हें जुलूस में घुमाना और लाना-ले जाना बेहद सुविधाजनक होता है। आज सभी पुतलों के निर्माण में यही तकनीक इस्तेमाल में लाई जाती है। बाँस के छिलकों की जगह अब अखबारी कागज और पेपरमैशी का प्रयोग होता है। अल्मोड़ा की पुतला-निर्माण कला को लेकर कोई बीस साल पहले बम्बई के एक फिल्मकार आशु सोलंकी ने बाकायदा 'द बर्निंग पपेट्स' नाम की एक डॉक्यूमेंट्री भी बनाई थी। अल्मोड़ा में दशहरे के समय पुतले बनाए जाने का सबसे पुराना साक्ष्य 1936 का मिलता है। उस साल बनाए गए रावण के पुतले का फोटो एक स्थानीय प्रकाशन में छपा मिलता है। सन 1974 में पहली बार रावण के साथ मेघनाद का पुतला भी बनाया गया। अगले साल क्लब ने सुबाहु और ताड़का के पुतले बनाए, इसके बाद पुतलों की संख्या बढ़ती चली गई। विजय दशमी पर संघ के सम्बोधन पर भी देश की नजर रहती है। इस बार आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने विजयादशमी के अपने संबोधन में सामाजिक समरसता की अपील की है। नागपुर में आरएसएस के मुख्यालय में अपने वार्षिक संबोधन के दौरान उन्होंने महिलाओं के सशक्तीकरण, जनसंख्या नीति, रोजगार बढ़ाने और दलितों के साथ भेदभाव बंद करने के साथ ही अल्पसंख्यकों को लेकर विचार प्रकट किए।भागवत ने कहा कि देश में एक समग्र जनसंख्या नीति बननी चाहिए। ये सब पर समान रूप से लागू होना चाहिए।भागवत ने बीआर आंबेडकर और महर्षि अरविंदो के विचारों का हवाला दिया और कहा,कथित अल्पसंख्यकों में यह डर पैदा किया जा रहा है कि उन्हें हमसे या संगठित हिंदुओं से खतरा है।उदयपुर और अमरावती में हुई हत्याओं का ज़िक्र करते हुए भागवत बोले, यह खतरनाक प्रवृति है।इसका अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने भी विरोध किया।लेकिन ये सिर्फ़ अपवाद बन कर न रह जाए, बल्कि अधिकांश मुस्लिम समाज का ये स्वभाव बनना चाहिए। मोहन भागवत ने कहा, संविधान के कारण राजनीतिक तथा आर्थिक समता का पथ प्रशस्त हो गया, लेकिन सामाजिक समता को लाए बगैर वास्तविक और टिकाऊ बदलाव नहीं आएगा। डॉक्टर आंबेडकर ने कहा था कि हमें राजनीतिक स्वतंत्रा तो मिल गई, लेकिन सामाजिक आजादी नहीं मिली है। भागवत ने कहा,मन्दिर,पानी,श्मशान सबके लिए समान हो, इसकी व्यवस्था तो सुनिश्चित करनी ही होगी।ये घोड़ी चढ़ सकता है, वो घोड़ी नहीं चढ़ सकता, ऐसी मूर्खतापूर्ण बातें तो हमें खत्म करनी होंगी। सबको एक-दूसरे का सम्मान करना होगा। हमें समाज का सोचना होगा, सिर्फ़ स्वयं का नहीं। भागवत ने जनसंख्या और रोजगार के बारे में महत्वपूर्ण बातें कहीं, उन्होंने कहा कि देश में एक समग्र जनसंख्या नीति बननी चाहिए। ये सब पर समान रूप से लागू होना चाहिए। उन्होंने देश के डेमोग्राफिक डिविडेंड का ज़िक्र करते हुए कहा, 70 करोड़ से ज्यादा युवा हैं। हमारे देश में। चीन को जब लगा कि जनसंख्या बोझ बन रही है, तो उसने रोक लगा दी। हमारे समाज को भी जागरूक होना पड़ेगा। नौकरी-चाकरी में भी अकेली सरकार और प्रशासन कितना रोजगार बढ़ा सकती है? भागवत ने रोजगार का सवाल उठाते हुए कहा, रोजगार मतलब नौकरी और नौकरी के पीछे ही भागेंगे और वह भी सरकारी।अगर ऐसे सब लोग दौड़ेंगे, तो नौकरी कितनी दे सकते हैं? किसी भी समाज में सरकारी और प्राइवेट मिलाकर ज्यादा से ज्यादा 10, 20, 30 प्रतिशत नौकरी होती है, बाकी सबको अपना काम करना पड़ता है। इसलिए उद्यमिता की प्रवृति बढ़नी चाहिए। देश में स्टार्ट-अप बढ़ रहा है और इसे सरकार भी मदद दे रही है।

### चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"जेल" "काम" "उल्टा" "हुजूर"

जेल में चाहे तो दूना काम करवाते हुजूर,
अपने तगड़े कर्मियों से चाहे सुतियाते हुजूर।
बोर कवियों को सुना तो बन्दियों ने ये कहा,
इससे अच्छा तो हमें उल्टा लटकवाते हुजूर।

# सड़कों पर उतरे व्यापारी, बैकफुट पर प्रशासन

## -शिव मार्किट के व्यापारियों ने घेरी कोतवाली, किया प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 05 अक्टूबर (बु.)। यातायात पुलिस के गलत निर्णयों के चलते नगर क्षेत्र में अव्यवस्था का बोलबाला बढ़ता जा रहा है। तय मापदंडों के बाद यातायात पुलिस की नासम-ाी के कारण नगर क्षेत्र में जहां एक ओर जाम की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही, वहीं संकरी सड़कों पर लग रहे डिवाईडर भी रोष का बड़ा कारण बन रहे हैं। इस समस्या को लेकर बुधवार को शिव मार्किट व्यापार संगठन से जुड़े व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष राकेश त्यागी के नेतृत्व में सड़कों पर डिवाईडर लगाने के विरोध में प्रदर्शन किया। विरोध कर रहे व्यापारियों ने कोतवाली में यातायात इंचार्ज रूप किशोर शर्मा का घेराव करते हुए नगर क्षेत्र की व्यवस्था में सुधार कराए जाने की मांग की। व्यापारियों के विरोध के चलते देर रात्रि पुलिस द्वारा इन डिवाईडरों को हटाने की प्रक्रिया शुरू की, जिसके बाद गुरूवार हो होने वाला बाजार बंद का बड़ा निर्णय स्थगित कर दिया गया।बुधवार को शिव मार्किट व्यापार संगठन से जुड़े व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष राकेश त्यागी के नेतृत्व में सड़कों पर डबल डिवाईडर लगाने के विरोध में शहर कोतवाली में यातायात इंचार्ज रूप किशोर शर्मा का घेराव करते हुए नगर क्षेत्र की व्यवस्था में सुधार कराए जाने की मांग करते हुए कहा कि पूर्व में तय किया गया था कि नगर क्षेत्र में चौड़ी सड़कों पर ही डिवाईडर ऐसी स्थिति में लगाया जाएगा, जहां पर 14 फुट जगह एक ओर बच सकती है, उससे कम स्थान होने पर नगर में संकरी सड़कों पर डिवाईडर नहीं लग सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि शिव मार्किट के सामने मात्र 8 फुट सड़क पर ही पक्का डिवाईडर लगा दिया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सड़कों से उक्त डिवाईडर नहीं हटाए गए तो विवश होकर मार्किट के दुकानदार गुरूवार को प्रातः 11 बजे एसपी यातायात को दुकानों की चाबी सौंप देंगे। इस दौरान मुख्य रूप से जय इन्द्र प्रकाश, भानू प्रताप, विजय तनेजा, विजय मदान, दीप चन्द, सोमनाथ, टोनी, संजय हिमांशु, प्रतीक अरोरा, रिघम तनेजा, अजय तनेजा, पीयूष तनेजा आदि दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।

## आज भाकियू किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाएगी चौ. टिकैत की जयंती

मुजफ्फरनगर, 05 अक्टूबर (बु.)। भाकियू अराजनैतिक द्वारा कल गुरुवार 6 अक्टूबर को चौ. महेन्द्र सिंह टिकैत के जन्मदिवस पर देश में ग्राम स्तर पर किसान सम्मान दिवस आयोजित कर किसान मसीहा को श्रद्धासुमन अर्पित किए जायेगे। आज देश का किसान चौ. टिकैत के बताये रास्ते पर चलकर अपनी बात डीएम से लेकर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक कहने में सक्षम है। यह हिम्मत और हौंसला चौ. टिकैत द्वारा चलाये आन्दोलन के कारण ही सम्भव हो पाया है। इसी को लेकर भारतीय किसान यूनियन द्वारा चौ. टिकैत की जयंती को किसान सम्मान दिवस मनाएगी। चौ. टिकैत किसानों की करिश्माई नेता थे, उनके जीवन की सादगी ही उनके व्यक्तित्व को दशार्ती थी। उन्होंने जीवन में कुछ आदर्श स्थापित किये जिनके कारण आज वह अमर हैं। उनके द्वारा खड़ा किया किसान आन्दोलन आज भी मुखर होकर किसानों के लिए संघर्षरत है। चौ. टिकैत साहब की जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान ने किसान मसीहा को नमन करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि कल का दिन किसानों के सम्मान का दिन है। सभी कार्यकर्ता अपने गांव स्तर पर किसान मसीहा को श्रद्धांजलि अर्पित करें। उक्त जानकारी धर्मेन्द्र मलिक ने दी।

### पूर्व सीएम ओपी चौटाला गुरुग्राम के मेदांता में भर्ती

गुरुग्राम, 5 अक्टूबर (वार्ता)। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और इंडियन नेशनल लोक दल के प्रमुख ओम प्रकाश चौटाला को गुरुग्राम के मेदांता स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें बुखार और पेट में संक्रमण की शिकायत के बाद अस्पताल लाया गया। सूत्रों ने बुधवार शाम यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि चौटाला को मंगलवार रात भर्ती कराया गया था और फिलहाल उनकी तबीयत स्थिर है। बुधवार शाम को प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अस्पताल जाकर चौटाला के स्वास्थ्य का हालचाल जाना। मनोहर लाल ने इनके अलावा यहां इलाज करा रहे समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव का भी हालचाल जाना। मुलायम सिंह यादव तबीयत बिगड़ने पर कुछ दिनों से यहां भर्ती हैं।



## बुलंदशहर के युवाओं ने दिखाया जोश

मुजफ्फरनगर, 5 अक्टूबर (बु.)। अग्निवीर सेना भर्ती के लिए बुधवार को बुलंदशहर की सिकंदराबाद और स्याना तहसीलों के युवाओं ने भर्ती में दमखम दिखाया। यहां चल रही सेना भर्ती के दौरान चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में बुलंदशहर के युवाओं ने 1600 मीटर की दौड़ में उत्साह के साथ दौड लगाई। सुबह करीब छह बजे दौड़ शुरू हुई। इसके लिए बुलंदशहर के सिकंदराबाद और स्याना तहसील से करीब 8 हजार युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें करीब 60 प्रतिशत युवाओं ने की सेना भर्ती में प्रतिभाग किया है। पहली रात से ही बुलंदशहर के सिकंदराबाद और स्याना तहसील के युवा लाइन में लग गए थे। नुमाईश मैदान में लाइन के बाद युवाओं के प्रमाण पत्र आदि चेक किए गए। इस दौरान जिन युवाओं के दस्तावेज फर्जी पाए गए उन्हें सेना भर्ती से बाहर कर दिया गया। दौड़ शुरू होने से पहले कम हाइट के युवाओं को मैदान से बाहर निकाल दिया गया। शेष युवाओं को स्टेडियम में दौड़ के लिए भेजा गया। यहां पर सुबह करीब छह बजे सेना के द्वारा दौड़ को शुरू कराया गया। इसके बाद तीन सौ की संख्या के साथ करीब एक बजे तक युवाओं की दौड़ करायी गई। दौड़ में पास हुए युवाओं को शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए नुमाईश मैदान में भेजा गया। यहां पर सेना के द्वारा इन युवाओं का शारीरिक दक्षता परीक्षण कराया गया। शारीरिक दक्षता परीक्षा के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# देवी का विसर्जन व कानों पर रख नौरते मनाया विजयदशमी का पर्व

मुजफ्फरनगर, 05 अक्टूबर (बु.)। नगर मुख्यालय से गांव-देहात तक बुधवार को आस्था और विश्वास के साथ विजय दशमी पर्व धूमधाम के साथ में मनाया गया। इस अवसर पर घरों व प्रतिष्ठानों पर परिजनों द्वारा स्वयं एवं पंडितों के सानिध्य में पूजा अर्चना किए जाने के साथ शस्त्र पूजा की गयी। इसके साथ ही विजय दशमी यानि दशहरा पर्व पर बहनों ने भाइयों के कानों पर नौरते रखकर उनकी लंबी उम्र एवं स्वास्थ्य की कामना की। वहीं नगर मुख्यालय के साथ विभिन्न कस्बों व गांव-देहात में चली आ रही रामलीलाओं के बीच रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के पुतलों के दहन के साथ कोरोना व भ्रष्टाचार के पुतलों का दहन करते हुए देश में नए बदलाव की शुरूआत का भी संकल्प दोहराया। अश्विन माह शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से सिद्धिदात्री मां दुर्गा के नवरात्रों के नौ दिन के पश्चात बुधवार को देशभर के साथ जनपद में दसवें दिन विजय दशमी दशहरा पर्व धूमधाम और पूजा-अर्चना के साथ मनाया जाता है। दशहरा पर्व पर पौराणिक मान्यतातों के बीच में भगवान राम की रावण पर विजय प्राप्ति की परंपराओं के निर्वहन की कड़ी में इसलिये इसे विजय पर्व के रूप में भी मनाया जाता है। हिन्दू परंपराओं के बीच इस पर्व को सभी सनातन धर्मावलम्बी अपने घर एवं प्रतिष्ठानों में पूजन कर मनाते है। वहीं गोबर से अपराजिता देवी का आकार बनाते हुए घर के बुजुर्ग उसमें गन्ना, सिंघाड़े, मूली, गोबर के नौ बड़कुल्ले रखते हैं और रोली, चावल, कलावा, कपूर, फल-फूल माला, पानी का लौटा, शस्त्रों के साथ नौरतों द्वारा पूजन करते हैं। वहीं दूसरी ओर इस दिन विद्यार्थी अपनी पुस्तकें और व्यापारी अपने बहीखातों का पूजन भी करते हैं। पूजन में व्यापार में काम आने वाले पैन, नापने, तोलने व कैंची आदि वस्तुएं, अस्त्र-शस्त्र के ऊपर भी कलावे से नौरते बांधकर रोली से तिलक करते है तत्पश्चात भगवान राम की पूजा अर्चना करके आरती किए जाने की परंपरा करते है तथा पाँच बार परिक्रमा करते हुए लौटे से जल चारों और छिड़कते हुए सभी परिवार जन पूजा करते हैं। इसके पश्चात लड्डू के ऊपर दही या लौकी का रायता डालकर प्रसाद के रूप में ग्रहण करते है। इस दिन बहनें अपने भाइयों के कानों पर नौरते रखकर उनकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। इसके बाद भाई अपनी बहनों को उपहार, रुपये आदि भेंट करते हैं। इसके बाद घरों में बनाए गए चावल-दाल और रायते को प्रसाद रूप में परिवार बैठकर खाता है। यह परंपरा दशकों से जारी है और आगे भी ऐसे ही इस परंपरा का निर्वहन भावी पीढ़ी करती रहेगी। कुल मिलाकर सारा दिन आज पूजा-पाठ में व्यतीत हुआ।

## अब डॉ. मिताली पैथोलॉजी एवं हिस्टोसाइटोलॉजी सैंटर पर मिलेगी हर जांच की सुविधा

मुजफ्फरनगर, 05 अक्टूबर (बु.)। नगर के महावीर चौक स्थित स्वरूप स्क्वायर मार्किट में बॉडी जिम के नीचे डॉ. मिताली पैथोलॉजी एवं हिस्टोसाइटोलॉजी सैंटर का उद्घाटन जिले के वरिष्ठ सर्जन डॉ. प्रदीप सिंघल महावीर अस्पताल जानसठ रोड द्वारा किया गया। सैंटर संचालिका डॉ. मिताली सिंघल नगर के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुभव सिंघल, इवान हॉस्पिटल भोपा रोड की पत्नी एवं डॉ. प्रदीप सिंघल की बेटी है। डॉ. मिताली एमडी पैथोलॉजी व पीडीसीसी लीवर इंस्टीट्यूट, आईएलवीएस नई दिल्ली से हैं, जिसका लाभ जनपद के मरीजों को आने वाले दिनों में लाभप्रद होने के साथ राहतभरा साबित होगा। पैथोलॉजी सैंटर संचालिका डॉ. मिताली सिंघल ने बुलेटिन प्रतिनिधि को बताया कि नगर में शुरू हुए इस पैथोलॉजी एवं हिस्टोसाइटोलॉजी सैंटर पर रोजमर्रा होनी वाली खून की जांचें जैसे फुल बॉडी चैकअप, लीवर, किडनी, होरमोन, गठिया बाय, इनफरटिलिटी, थायरॉयड, विटामिन डी, बी-12, खून की कमी, यूरीन कल्चर सैंसटीविटी, हार्ट अटैक के टेस्ट के मरीजों को सुविधा उपलब्ध होंगी, इसके साथ ही ऐसी जांचे भी भविष्य में मिलेगी, जो पूर्व में मेरठ जैसे बड़े शहरों में बाहर भेजी जाती थी। उन्होंने बताया कि इन महत्वपूर्ण जांचों में जैसे बोन मैरो, फ.न.ए.सी., बाओप्सी, टीशू एवं फ्लूड हिस्टोसाइटोलॉजी और कैंसर आदि जांचे विशेषयता के साथ इस सैंटर पर अपने ही शहर में उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि जिससे इनकी रिपोर्ट जल्दी आयेगी एवं मरीजों के इलाज के निर्णय लेने में डॉक्टरों को बड़ी आसानी होगी। नगर में इस शुभारंभ अवसर पर शहर के सभी गणमान्य लोगों के साथ में डॉ. एमएल गर्ग, डॉ. पंकज जैन एवं विभिन्न वर्गों के समाजसेवी एवं जन उपलब्ध रहे।




## विशाल भंडारे का आयोजन किया

मुजफ्फरनगर, 5 अक्टूबर (बु.)। नई मंडी पटेल नगर में आज विशाल भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। नई मंडी की ग्रहणी बीना अग्रवाल द्वारा अपने पति स्वर्गीय ब्रह्म प्रकाश की द्वितीय पुण्यतिथि पर भंडारा आयोजित किया गया। इस कार्य में बीना अग्रवाल का पूरा परिवार लोगों को प्रसाद ग्रहण कराने में लगा रहा। इस अवसर पर पंकज, दीपक, पिंकी, दीपशिखा, विनीता, पिंकी, उज्जवल, ऋषभ, वर्णिका, देवासी, अश्विनी, संजय गोयल, काजल आदि परिवार के लोगों ने भंडारे के कार्यक्रम में हिस्सा लिया और आने जाने वाले लोगों को प्रसाद वितरण किया। वीना अग्रवाल ने बताया कि वह अपने पति की याद में हर वर्ष ऐसे पुण्य के कार्य करती रहती हैं।

## कमिश्नर की कार्रवाई से ठेकेदार को लगा 2.87 लाख का फटका

मुजफ्फरनगर, 05 अक्टूबर (बु.)। सहारनपुर मंडलायुक्त लोकेश एम. की कार्रवाई से नगर पालिका ठेकेदार सुनील कर्णवाल का करीब 2.87 लाख रुपए का एक भुगतान फंस गया है। बीते दिनों ठेकेदार द्वारा रुडकी रोड स्थित बारातघर में कांवड मेले की शुरू तैयारियों के बीच सबमर्सिबल पम्प लगाने का कार्य किया था। इसके लिए पालिका ने टेंडर निकाला, अपनी स्वीकृति दी और कार्य करने के लिए वर्क ऑर्डर भी जारी किया। वहीं पालिका की बोर्ड बैठक में ठेकेदार को उक्त भुगतान देने के लिए प्रस्ताव भी पास हुआ, लेकिन कमिश्नर ने कार्रवाई करते हुए यह प्रस्ताव ही निरस्त कर दिया। अब ठेकेदार अपने फंसे भुगतान को लेकर परेशान है। नगर पालिका परिषद में चल रही रार का खामियाजा माननीयो को ही नहीं अपितु अधिकारी-कर्मचारी और ठेकेदारों को उठाना पड़ रहा है। ताजा प्रकरण रुडकी रोड पर अवैध कब्जा हटवाते हुए पालिका प्रशासन ने अपनी भूमि को मुक्त कराया था। नगर पालिका ने इस भूमि पर बोर्ड में प्रस्ताव पास कराते हुए चारदीवारी करने के साथ ही बारातघर का निर्माण करा दिया। कांवड यात्रा मेले से पूर्व ही इस बारातघर में शिवभक्तों की जरुरत को देखते हुए चेयरमैन की पहल पर सबमर्सिबल पम्प लगाने के लिए टेंडर निकाला गया। हालांकि सबमर्सिबल पम्प लगाने के लिए नगर पालिका ने सभी प्रक्रिया को पूरा करते हुए स्वीकृति प्रदान करते हुए ठेकेदार को वर्क ऑर्डर जारी कर दिया। ऐसे में ठेकेदार ने बारातघर में करीब 2 लाख 87 हजार रुपए में सबमर्सिबल पम्प लगाने का कार्य पूर्ण करा दिया। इसके बाद में पालिका की संपन्न बोर्ड बैठक में ठेकेदार का भुगतान करने के लिए प्रस्ताव रखा गया। बोर्ड ने ठेकेदार को भुगतान देने के लिए रखे गए प्रस्ताव को पास कर दिया, लेकिन कमिश्नर के दरबार में पहुंचे इस प्रस्ताव को अब निरस्त कर दिया। ऐसे में उक्त प्रस्ताव निरस्त होने के कारण ठेकेदार का नगर पालिका में उक्त लाखों रुपए का भुगतान फंस गया है। अब ठेकेदार सुनील कर्णवाल भुगतान के लिए नगर पालिका प्रशासन के चक्कर लगा रहा है। अब देखना होगा कि नगर पालिका प्रशासन कमिश्नर द्वारा रद्द किए गए उक्त प्रस्ताव के आधार पर भुगतान प्रक्रिया किस स्तर पर पूर्ण कर पाएगा।

## राम, लक्ष्मण, हनुमान, रावण, मेघनाद व कुंभकर्ण ने किया रक्तदान

मुजफ्फरनगर, 5 अक्टूबर (बु.)। रक्तदान के क्षेत्र में जिले की अग्रणी संस्था समर्पित युवा समिति एवं संबंधित महिला शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में दशहरा ग्राउंड गांधी कॉलोनी में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में केंद्रीय मंत्री डॉ संजीव बालियान उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पहुंचकर प्रदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

रक्तदान शिविर की खासियत यह रही कि रामलीला में राम, लक्ष्मण हनुमान, रावण, कुंभकरण के पात्र निभाने वाले सभी कलाकारों ने अपनी वेशभूषा में ही रक्तदान कर आम जनता को रक्तदान के प्रति जागरूक किया राम का रोल निभा रहे कलाकार नितिन अरोरा ने बताया कि वह पिछले 4 वर्षों से निरंतर समर्पित युवा समिति के साथ दशहरे पर रावण वध के बाद रक्तदान करते आ रहे हैं । आज लगभग 50 लोगों ने रक्तदान किया ।

शिविर संयोजक शिवम चौहान ने बताया शिविर में लगभग 80 लोगों ने अपना पंजीकरण कराया था लेकिन मेला स्थल पर अत्यधिक भीड़ होने कारण व्यवस्थाओं के चलते रूटीन के रक्त दाताओं ने अगले शिविर में आमंत्रित किया गया है।

समर्पित युवा अमित पटपटिया ने सभी रक्त दाताओं का आभार व्यक्त किया। साथ ही साथ गांधी कॉलोनी रामलीला कमेटी के निर्देशक विकास आहूजा, चेयरमैन अनिल धमीजा व सभी कलाकारों की भूरी भूरी प्रशंसा की। शिविर को सफल बनाने में समर्पित युवा समिति श्री राम लीला समिति, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर समिति एवं समर्पित महिला शक्ति के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।






### सम्बन्ध विच्छेद सूचना


सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा छोटा सगा भाई काका उर्फ संजय पुत्र श्री राजकुमार नारंग निवासी ग्राम बिलासपुर, तहसील सदर, थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर है, जो गलत संगति में पड़ गया है और आये दिन मेरे व मेरे वृद्ध माता–पिता व बहनों के साथ झगड़ा व मारपीट करता रहता है। मेरा छोटा भाई काका उर्फ संजय मेरे व मेरे माता–पिता के साथ कई बार गाली–गलौच व मारपीट भी कर चुका है। मैंने अपने छोटे भाई काका उर्फ संजय के साथ सारे सामाजिक सम्बन्धों को समाप्त करते हुए सम्बन्ध–विच्छेद कर दिये हैं। भविष्य में यदि काका उर्फ संजय किसी भी प्रकार का गलत कृत्य करता है, तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी काका उर्फ संजय की होगी।

**संजीव कुमार**
पुत्र श्री राजकुमार नारंग
निवासी : ग्राम बिलासपुर,
थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर











## कच्ची सड़क पर दीप जलाकर किया मेले का शुभारंभ

मुजफ्फरनगर, 5 अक्टूबर (बु.)। कच्ची सडक पर शक्ति क्लब द्वारा आयोजित दशहरा समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ.बालियान और प्रदेश के राज्य मंत्री कपिलदेव अग्रवाल के साथ श्रीराम ग्रुप के चेयरमैन डॉ.एससी कुलश्रेष्ठ, अरविंद राज शर्मा तथा मुख्य अतिथि स.बलविंदर सिंह व रामबाबू के साथ भाजपा के नेता गौरव स्वरूप और कुश पुरी की उपस्थिति में रावण और मेघनाद के पुतले फूके गए। बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति में यहां अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर आयोजन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर बिजेंद्र गोयल, अविनाश त्यागी, दीपक गोयल, डॉ.सतेंद्र पंवार, नीरज शर्मा, शिवकुमार शर्मा, शैलेंद्र सिंह नेगी, सुरेश चंद पाल, गौरी कांत त्यागी, डॉ.अमरीश त्यागी तथा अनिल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# अंसारी रोड पर कपड़ा कारोबारी को घायल कर लूटे कई लाख

▶ बाइक सवार चार बदमाशों ने सरेआम अंजाम दी दुस्साहसिक वारदात

▶ गांधी कॉलोनी से स्कूटी पर जाते समय सुबह बजे भरे बाजार हुई लूट

**मुजफ्फरनगर, 5 अक्तूबर (बु.)।** शहर के अंसारी रोड पर बाइक पर आए दुस्साहसी बदमाशों ने दिन-दहाड़े कपड़ा कारोबारी अर्पित जग्गा को घायल कर कई लाख रुपये लूट लिए। सरेआम वारदात को अंजाम देकर बदमाश सुरक्षित निकल गए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों तक पहुंचने के प्रयास में जुटी है। एसएसपी ने खुलासे के लिए एसओजी और पुलिस की कई टीम गठित की है।

नई मंडी के गांधी कॉलोनी निवासी अर्पित जग्गा का चंद्रा सिनेमा के पास पप्पू क्लॉथ हॉउस के नाम से कपड़े और मनी एक्सचेंज का काम है। अर्पित जग्गा बुधवार दस बजे के करीब स्कूटी पर सवार होकर अपने प्रतिष्ठान पर जा रहे थे। जग्गा जैसे ही अंसारी रोड पर शंकर स्वीट्स के पास पहुंचे, तो पीछे से दो बाइकों पर आए चार बदमाशों ने कारोबारी अर्पित पर डंडे अथवा किसी रॉड से हमला किया। हमले में घायल हुए कारोबारी जग्गा सुंतलन बिगड़ने के कारण स्कूटी समेत सड़क पर गिर गए। इसके बाद बदमाशों ने छाती पर चाकू लगाकर स्कूटी में आगे रखा बैग लूट लिया। नकदी भरा बैग छीनने के बाद चारों बदमाश उसी रास्ते से फरार हो गए, जिससे




आए थे। सरेआम लूटपाट की खबर से पुलिस में हड़कम्प मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल कारोबारी को अस्पताल भर्ती कराया। इसी बीच एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय, सीओ सिटी कुलदीप कुमार शहर कोतवाल और सिविल लाइन थानाध्यक्ष के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और फरार बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। बाद में अधिकारियों ने पीड़ित कारोबारी से बात की। इसके बाद पुलिस बदमाशों की पहचान को सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई। एसएसपी विनीत जायसवाल ने इस मामले के खुलासे के लिए पांच टीमें बनाई हैं। एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि व्यापारी को घायल कर तीन लाख रु लूटे गए है।.पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## करीबियों में जयचंद तलाश रही पुलिस

मुजफ्फरनगर। कारोबारी से लूट के मामले में पुलिस करीबियों में उस जयचंद को तलाश रही हो, जिसने बदमाशों को मुखबिरी की है। पुलिस मानकर चल रही है कि बदमाशों को सटीक मुखबिरी थी। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि घर के बाहर से ही कारोबारी का पीछा कर रहे थे। मौका मिलते ही बदमाशों ने घटना को अंजाम दे दिया। लूट की राशि को लेकर तस्वीर साफ नहीं है। मौके पर 4 से पांच लाख रुपये की बात आई। बाद में पुलिस ने तीन लाख की बताई, जबकि सूत्र लूट की राशि को इससे ज्यादा बता रहे है।

## राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने पीड़ित से मिलकर एसएसपी से की बात

मुजफ्फरनगर, 5 अक्टूबर (बु.)। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने लूट का शिकार हुए कारोबारी अर्पित जग्गा के घर पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने पीड़ित परिवार से बात कर जल्द घटनाक्रम के खुलासे का भरोसा दिलाया। मंत्री अग्रवाल ने घटनाक्रम को लेकर एसएसपी विनीत जायसवाल से बात कर जल्द बदमाशों को गिरफ्तार करने को कहा है। मंत्री ने बताया कि पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## अपहृत नाबालिग छात्रा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 5 अक्टूबर (बु)।** स्कूल प्रबंधक के पुत्र द्वारा अपहृत की गई नाबालिग छात्रा को पुलिस ने बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सूत्रों के अनुसार नई मंडी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 13 वर्षीया किशोरी निकट ही स्थित एक स्कूल में कक्षा 7 की छात्रा है। आरोप है कि स्कूल प्रबंधक का पुत्र उक्त किशोरी को लेकर फरार हो गया था। किशोरी के पिता ने नई मंडी थाने में तहरीर देकर किशोरी को बरामद करने की मांग की थी। पुलिस ने एक सूचना के आधार पर किशोरी को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस किशोरी के न्यायालय में बयान व मेडिकल कराने की तैयारी कर रही है।

## महिला की चेन झपटकर फरार हुए बदमाश

**मुजफ्फरनगर, 5 अक्टूबर (बु)।** घर के बाहर घूम रही एक महिला की सोने की चेन बाईक सवार बदमाशों ने झपट ली। महिला ने शोर मचाया, परन्तु तब तक बदमाश बाईक दौड़ाते हुए फरार हो गये। पीड़िता ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के दक्षिणी सिविल लाइन निवासी रुकसान बेगम पत्नी मनीष शर्मा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि वह शाम के समय अपने घर के बाहर घूम रही थी कि तभी तेज गति से बाईक भगाते आए युवकों ने उसके गले में पड़ी चेन झपट ली और बाईक दौड़ाते हुए मौके से फरार हो गये। महिला ने बदमाशों का पीछा किया, परन्तु वह बदमाशों को नहीं पड़ पायी। शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्रित हो गये। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी और मामले की जांच की। तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## भीड़ की ओर मुड़ी चिंगारियां

मुजफ्फरनगर, 5 अक्टूबर (बु.)। शाम के समय पुतलों के दहन के बाद उस समय और खतरे की स्थिति पैदा हो गई, जब पुतलों में रखी आतिशबाजी से उठी चिंगारियां रुख बदल कर लोगों की ओर आने लगीं।पुतला दहन के बाद उनकी अस्थियां चुनने के लिए भागे लोगों को भी पुलिस ने जैसे तैसे रोका।

# मीरापुर में दिनदहाड़े लाखों की चोरी से हड़कम्प मचा



**मीरापुर, 5 अक्तूबर (बु.)।** कस्बे के मुख्य बाजार में इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान से चोर ने दिनदहाड़े गल्ले का ताला तोड़कर करीब डेढ़ लाख की नगदी चोरी कर ली। दिनदहाड़े चोरी की घटना से पुलिस में हड़कम्प मच गया। वहीं सब्जी मंडी के पीछे से एक घर की खिड़की तोड़कर चोरों ने हजारों की नकदी चोरी कर ली।

मीरापुर के मौहल्ला कमलिया के मुख्य बाजार में ग्राम कैथोड़ा निवासी नदीम जैदी पुत्र मेहंदी हसन की मॉर्डन इलेक्ट्रॉनिक्स के नाम से बिजली की दुकान कर रखी है। नदीम के भाई अली जाफर एलआईसी का एजेंट है। बुधवार को अली जाफर ने एलआईसी का कलेक्शन कर एकत्र किए करीब एक लाख तेईस हजार रुपए बैंक की छुट्टी होने के कारण नदीम जैदी की दुकान के गल्ले में रख दिये थे। आरोप है कि बुधवार की दोपहर करीब 4 बजे नदीम अपने बच्चों को घर छोड़ने के लिए पड़ौसी मेडिकल स्टोर संचालक ताहिर से दुकान का ध्यान रखने के लिए बोलकर चला गया। आरोप है कि इस दौरान अज्ञात चोर ने उसकी दुकान के गल्ले का ताला तोड़कर करीब डेढ़ लाख रुपये की नगदी चोरी कर ली, जिसकी जानकारी उसे दुकान पर वापस आने पर लगी। दिनदहाड़े चोरी की घटना से व्यापारियों के साथ-साथ पुलिस में हड़कम्प मच गया। चोरी की सूचना पर पुलिस भी आनन-फानन में मौके पर पहुच गई तथा आस-पड़ौस के दुकानदारों से पूछताछ कर बाजार में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई। समाचार लिखे जाने तक मामले की कोई लिखापढ़ी नहीं हुई है, वहीं दूसरी तरफ बीती रात चोरों ने सब्जी मंडी के पीछे स्थित नई बस्ती निवासी आजाद पुत्र हमीद के घर की खिड़की तोड़कर वहाँ से हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ली। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।

# फर्जी कागजात के आधार पर भर्ती होने का प्रयास कर रहे युवक समेत दो दबोचे

**मुजफ्फरनगर, 5 अक्तूबर(बु.)।** शहर के नुमाइश मैदान में चल रही सेना भर्ती में फर्जी कागजात के आधार पर भर्ती होने का प्रयास कर रहे युवक समेत दो लोगों को आर्मी इंटेलीजेंस की सूचना पर पुलिस ने दबोच लिया। दबोचे गए आरोपितों से एडमिट कार्ड, आधार कार्ड समेत अन्य कागजात बरामद हुए हैं। नुमाइश मैदान में चल रही अग्निवीर सेना भर्ती में कुछ युवक फर्जी कागजात के सहारे भर्ती होने का प्रयास कर रहे हैं। इतना ही नहीं युवाओं को बहलाकर उनसे रुपये वसूल कर ठग उन्हें भर्ती करने का सपना दिखा रहे हैं। इसके चलते पुलिस और आर्मी इंटेलीजेंस अलर्ट पर है। बुधवार तड़के आर्मी इंटेलीजेंस की सूचना पर सिविल लाइन पुलिस ने नुमाइश कैंप गेट नंबर दो के पास दो लोगों को दबोच लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम कमल सिंह पुत्र बिशम्बर दयाल निवासी ग्राम ढकरौली थाना खानपुर जनपद बुलंदशहर और महकार सिंह पुत्र तुल्लाराम निवासी सी- 512 वेद व्यासपुरी थाना टीपी नगर जनपद मेरठ




बताए। पुलिस ने दोनों से कमल सिंह के नाम का एडमिट कार्ड जिस पर फर्जी पता पड़ा हुआ है। यह एडमिट कार्ड के सहारे वह गुरूवार को होने वाली भर्ती में शामिल होने के प्रयास में था। एक एडमिट कार्ड जिस पर जैनेन्द्र कुमार पुत्र हरेन्द्र सिंह निवासी सुशीला बिहार द्वितीय नजीराबाद जनपद बुलंदशहर, करण कुमार पुत्र हरेंद्र सिंह निवासी नजीमपुरा बुलंदशहर का आधार कार्ड, करन कुमार के नाम की मार्कशीट, मूल निवास प्रमाण और एक मोबाइल बरामद किया है। एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि आरोपित कमल फर्जी कागजात के आधार पर वर्ष 2019 में सेना में भर्ती हो चुका है। वह ट्रेनिंग पर भी चला गया था, लेकिन सेना ने कागजों का सत्यापन कराया तो वह ट्रेनिंग बीच में ही छोड़कर भाग आया था। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि कमल फर्जी कागजात के आधार पर भर्ती में शामिल होना चाहता था।

# दशहरा पर अलर्ट पर रहा पुलिस प्रशासन

## एडीजी ने पुलिस अफसरों के साथ किया रावण दहन स्थलों का निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर, 5 अक्टूबर (बु)।** दशहरा पर रामलीला मंचन और रावण दहन स्थलों का एडीजी मेरठ जोन ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान एडीजी ने फोर्स को सतर्कता से ड्यूटी करने के आदेश दिए। साथ ही रामलीला मंचन और रावण दहन स्थल पर आग बुझाने की पर्याप्त व्यवस्था रखने के आदेश दिए। बुधवार को एडीजी मेरठ जोन राजीव सभरवाल शहर में पहुंचे। यहां से वह एसएसपी विनीत जायसवाल, एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय और अन्य अधिकारियों के साथ नई मंडी स्थित पटेलनगर मैदान पर पहुंचे। यहां पर रामलीला मंचन और रावण दहन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, आग बुझाने की व्यवस्था आदि का जायजा लिया। इसके बाद एडीजी ने राजकीय इंटर कालेज के मैदान में होने वाले रावण दहन स्थल का जायजा लिया। एडीजी ने पार्किंग व्यवस्था, महिलाओं के लिए अलग से आने जाने की व्यवस्था, रूट डायवर्जन आदि के बारे में दिशा-निर्देश दिए। एडीजी ने रावण दहन स्थल पर



आग बुझाने के यंत्र, पानी की पर्याप्त व्यवस्था रखने और फोर्स को सतर्कता बरतने के आदेश दिए। इस दौरान सीएफओ रमाशंकर तिवारी, सीओ सिटी कुलदीप कुमार, सीओ मंडी हिमांशू गौरव, सिविल लाइन इंस्पेक्टर संतोष त्यागी और नई मंडी कोतवाल सुशील सैनी मौजूद रहे।



वरिष्ठ फोटोग्राफर नासिर खान को मुजफ्फरनगर बुलेटिन में अपनी सेवाएं देते हुए आज 15 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। बुलेटिन परिवार स्वर्ण जयंती पर उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ स्वास्थ्य की कामना करता है।

## स्कूल में कूदा युवक, विरोध पर मारपीट

**मुजफ्फरनगर, 5 अक्टूबर (बु)।** नईमंडी थाना क्षेत्र के गांधी कॉलोनी निवासी सागर शर्मा पुत्र महेश इन्द्रनाथ शर्मा ने सिविल लाइन थाने में दी गयी तहरीर में बताया कि उनका रुड़की रोड पर पब्लिक स्कूल है। मंगलवार की शाम 3.30 बजे वह जब अपने स्कूल पर था, उसी समय गोलू पुत्र नामालूम निवासी सुभाषनगर निकट जय हिन्द पब्लिक स्कूल थाना नई मंडी उसके स्कूल की दीवार फांदकर अन्दर घुस आया। विरोध करने पर गोलू ने उसके साथ स्कूल के अन्दर ही बदतमीजी की और बाद में देख लेने की धमकी देते हुये चला गया। आरोप है कि जब वह करीब सवा चार बजे शाम अपने साथी मयंक त्यागी पुत्र नरेन्द्र त्यागी के साथ स्कूल से निकलकर अपने घर आ रहा था, तो सरवट फाटक से पहले गोलू ने अपने चार-पांच साथियों के साथ उसका स्कूटर जबरदस्ती रोक लिया और लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आयी। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग एकत्रित हो गये, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नगर का कुक जापान में लापता

**मुजफ्फरनगर, 5 अक्तूबर(बु.)।** मुजफ्फरनगर का रहने वाला कुक इरशाद जापान में लापता हो गया। करीब दो माह से इरशाद का अपने परिवार से सम्पर्क नहीं हो पाया है। इरशाद की बीवी और परिवार दूतावास और मुख्यमंत्री से लेकर गृह विभाग के पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करा चुका है। बुधवार को प्रधानमंत्री से इरशाद की सकुशल वतन वापसी की गुहार लगाई है। शहर के योगेंद्रपुरी निवासी इरशाद जापान के औयामा शहर में 12 साल से कुकिंग का कार्य करता है। बीच-बीच में इरशाद अपने परिवार से मिलने आता रहा है। इस बार इरशाद चार माह पहले मुजफ्फरनगर से कुकिंग वीजा पर जापान गया था। आठ अगस्त को इरशाद की अपनी बीवी सरताज बानो से आखिरी बार बात हुई थी। 9 अगस्त के बाद से इरशाद से सम्पर्क नहीं हो पाया है। उसका फोन भी ऑनलाइन नहीं है। पहले परिजनों को लगा काम में व्यस्त होने



के कारण इरशाद बात नहीं कर रहा है। करीब एक माह से इरशाद की बीवी सरताज बानो अपने शौहर की कुशलता जानने को इधर से उधर भटक रही है। पहले दिल्ली जापानी दूतावास और फिर जापान में भारतीय दूतावास से सम्पर्क किया। यही नहीं सरताज बानो ने मुख्यमंत्री और गृह मंत्रालय के पोर्टल पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा रखी है। पीड़ित सरताज बानो का कहना है कि ऐसा पहली बार हुआ कि उन्होंने इतने लंबा समय बीतने के बाद भी बच्चों का हाल चाल नहीं लिया है। पहले कुछ दिन तो जापान में भारतीय दूतावास ने अच्छे से बात करते हुए इरशाद के बारे में पता करने का भरोसा दिया, लेकिन फिर मोबाइल रिसीव करना बंद कर दिया। एसएमएस का भी जवाब नहीं दे रहे हैं। इरशाद की पत्नी सरताज बनो ने अब प्रधानमंत्री से अपने शौहर की वतन वापसी की गुहार लगाई है।

शेष : बुराई के पुतलों का दहन..

तमाम अतिथियों ने विजय दशमी को असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह दिन हमें सत्य की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी को विजय दशमी की शुभकामनाएं दीं। बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने कहा कि दशहरे के पर्व पर सभी को सत्य के साथ चलने का संकल्प लेना चाहिए। भगवान राम के आदर्श हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। महाविद्वान और बलशाली होने के बाद भी रावण को इसलिए मोक्ष को प्राप्त होना पड़ा क्योंकि वह असत्य के मार्ग पर थे।

## इन लोगों का रहा आयोजन में सहयोग

मुजफ्फरनगर। जीआईसी मैदान पर दशहरा के आयोजन में श्रीराम सेवा दल के अध्यक्ष विनोद खेड़ा, उपाध्यक्ष डॉ.सुरेश खुराना, महासचिव अशोक डूमरा, सचिव विनोद वाधवा, कोषाध्यक्ष डॉ.विजय टंडन और कुलभूषण बजाज, संगठन मंत्री इंद्रजीत सुनेजा और सुमित खेड़ा, सह सचिव राजेश मल्होत्रा, विशाल डूमरा, राजीव धवन, सहकोषाध्यक्ष प्रवीण खेड़ा, प्रचार मंत्री विवेक टंडन, महेंद्र अरोरा और प्रवीण पुण्यानी के अलावा ईश्वर दास अरोरा, रामशरण बजाज, पं.द्वारिका प्रसाद, सुमित्रा खेड़ा, बरकत राम छाबड़ा, चुन्नी लाल सुनेजा, हरबंस लाल अरोरा तथा दशहरा मेला समिति के राजकुमार जलौत्रा, डॉ.पीएल अरोरा, राजकुमार नारंग, किशोर पाराशर, दीपक कुकरेजा, डॉ.वरुण शेखर वत्स, कुणाल खेड़ा, कपिल पाहूजा, साहिल अरोरा, हरीश छाबड़ा, पवन अरोरा, श्रेय खेड़ा, आदित्य खेड़ा, राज कुमार ग्रोवर, विनय घई, विनोद तांगडी, वैभव गिरधर, संदीप कुमार बाल्मीकि, रिषित डूमरा, विक्रांत शेखर वत्स, अमन अरोरा, जतिन वाधवा, स वीरेंद्र सिंह, अशोक नागपाल, शुभम खुराना, यश धवन, यश खुराना, अंशुल कश्यप, विनय छाबड़ा, अभिषेक ग्रोवर, संयम खेडा ओर आयुष बतरा आदि का सहयोग रहा। संचालन कुलभूषण बजाज ने किया।







